दैनिक
# नवयत्न
केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा विज्ञापनों के लिए स्वीकृत
RNI No. RAJHIN/2010/31619
Post.Reg No. sikar/041/2016-2018
खबरें सड़क से संसद तक
वर्ष: 17 अंक 70 सीकर, गुरुवार 07 मई 2026 Email : navyatndainik@gmail.com मूल्य 1 रुपया पृष्ठ 8

## पटवारी चालीस हजार की रिश्वत लेते गिरफ्तार

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो एसीबी की भिवाड़ी टीम ने बुधवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए कोटपूतली-बहरोड़ जिले के भैसलाना तहसील पावटा में पदस्थ पटवारी प्रमोद सामरिया को 40 हजार रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। एसीबी पुलिस महानिदेशक गोविन्द गुप्ता ने बताया कि एसीबी चौकी भिवाड़ी को एक परिवादी द्वारा शिकायत दी गई थी कि उसके पिता की पैतृक जमीन का बंटवारा एसडीएम कोर्ट में पिछले 5-6 वर्षों से लंबित था। इस मामले में एसडीएम कोर्ट ने 20 जून 2025 को परिवादी के पक्ष में निर्णय देते हुए संबंधित पटवारी प्रमोद सामरिया को कुरेजात रिपोर्ट तैयार कर 24 जुलाई 2025 से पहले प्रस्तुत करने के निर्देश दिए थे। इसके बावजूद पटवारी ने रिपोर्ट कोर्ट में पेश नहीं की और इसके एवज में एक लाख रुपए रिश्वत की मांग कर परिवादी को परेशान कर रहा था। एसीबी ने 29 अप्रैल 2026 को मांग सत्यापन की कार्रवाई की। जिसमें आरोपी पटवारी द्वारा एक लाख रुपए रिश्वत मांगना सामने आया। परिवादी के आग्रह पर आरोपी 80 हजार रुपए में राजी हुआ और इसे तीन किस्तों में लेने की बात तय हुई।

पहली किस्त 40 हजार रुपए और शेष राशि दो किश्तों में लेने की सहमति बनी। इसके बाद एसीबी चौकी भिवाड़ी ने उप महानिरीक्षक पुलिस चतुर्थ भुवन भूषण यादव के सुपरविजन में प्रभारी परमेश्वर लाल उप अधीक्षक पुलिस के नेतृत्व में ट्रैप कार्रवाई की। टीम ने आरोपी पटवारी को परिवादी से पहली किस्त के 40 हजार रुपए रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया। एसीबी आरोपी से पूछताछ कर मामले में आगे की कार्रवाई कर रही है।

## कृषि विस्तार विभाग का संयुक्त निदेशक आठ हजार की रिश्वत लेते गिरफ्तार

निसं



**जयपुर ( नवयत्न )।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो एसीबी की बारां टीम ने बुधवार को कार्रवाई करते हुए कृषि विस्तार विभाग बारां के संयुक्त निदेशक आनन्दीलाल मीणा को रिश्वत लेते गिरफ्तार किया है। आरोपित संयुक्त निदेशक आनन्दीलाल मीणा ने खाद बीज और कीटनाशक के स्टॉक रजिस्टर वेरीफाई करने के बदले दो परिवादियों से कुल आठ हजार रुपए की रिश्वत ली थी। एसीबी डीजी गोविंद गुप्ता ने बताया कि 4 मई 2026 को परिवादियों ने शिकायत देकर बताया था कि संयुक्त निदेशक आनन्दीलाल मीणा खाद, बीज और कीटनाशक विक्रेताओं से स्टॉक रजिस्टर वेरिफिकेशन के नाम पर प्रत्येक से 5-5 हजार रुपए रिश्वत मांग रहे हैं और परेशान कर रहे हैं। इस पर एसीबी ने 5 मई को शिकायत का गोपनीय सत्यापन कराया। जांच में सामने आया कि आरोपी ने परिवादियों से 5.5 हजार रुपए की मांग की थी, जिसमें से 2 हजार रुपए पहले ही ले चुका था और शेष 3 हजार रुपए की मांग कर रहा था। इस पर 6 मई 2026 को उप महानिरीक्षक पुलिस एसीबी ओमप्रकाश मीणा के सुपरविजन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कालूराम वर्मा के नेतृत्व तथा उप अधीक्षक पुलिस प्रेमचंद की टीम ने ट्रैप की कार्रवाई करते हुए संयुक्त निदेशक आनन्दीलाल मीणा को एक परिवादी से 5 हजार और दूसरे से 3 हजार रुपए, कुल 8 हजार रुपए रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार कर लिया गया।

## सही आहार से रोगों से बचाव संभव

**जयपुर ( नवयत्न )।** किरण पथ मानसरोवर के श्री वेदमाता गायत्री वेदना निवारण केन्द्र में आयोजित पांच दिवसीय स्वास्थ्य शिविर के तीसरे दिन बुधवार को स्वास्थ्य साधकों ने प्राकृतिक आहार ग्रहण किया। सुबह वनौषधि युक्त धूम्र के वातावरण में योगप्राणायाम का अभ्यास किया। यज्ञोपैथी विशेषज्ञ सुशील कुमार शर्मा ने कहा कि हरी पत्तियो, फलों, हरी सब्जियों, विभिन्न प्रकार के बीजों का प्राकृतिक रूप में सेवन कर न केवल हम स्वस्थ रह सकते है, वरन पुराने रोगों को भी ठीक किया जा सकता है। इस सूत्र को ध्यान में रखते हुए स्वास्थ्य साधकों ने हरी पत्तियों का रस, मौसमी फलों, मौसमी सब्जियों, कद्दू अलसी, तिल के बीज का सेवन किया। शिविर के बाद साधकों ने घर पर भी सात्विक आहार लिया। साधकों ने संकल्प लिया कि वे तली हुई वस्तुओं, पैक्ड फूड, रिफाइंड ऑयल, चीनी का न्यूनतम उपयोग करेंगे।

## बंगाल में सुवेंदु अधिकारी के पीए की हत्या : कोलकाता के मध्यग्राम इलाके में 4 गोलियां मारी, पिछले 24 घंटों में 5 लोगों का मर्डर

**गुवाहाटी/तिरुवनंतपुरम/पुडुचेरी/चेन्नई/कोलकाता.** तमिलनाडु में 7 मई को नई सरकार का शपथ ग्रहण समारोह टल सकता है। टीवीके चीफ विजय ने बुधवार को लोकभवन में राज्यपाल से मिलकर सरकार बनाने का दावा पेश किया। सूत्रों के मुताबिक, विजय ने 113 विधायकों का समर्थन पत्र सौंपा है।

समर्थन पत्र में टीवीके 107 और कांग्रेस के 5 विधायकों के हस्ताक्षर हैं।ह्लद्ध सूत्रों के मुताबिक, राज्यपाल राजेंद्र अर्लेकर ने 118 विधायकों के समर्थन के पत्र की मांग की। इस पर विजय ने समर्थन के लिए समय मांगा।

234 सदस्यीय विधानसभा में टीवीके की 108 सीटें हैं, लेकिन विजय दो सीटों पर जीते हैं, इसलिए एक सीट छोड़ने पर यह 107 रह जाएंगी। कुल सीटें 233 होने पर भी बहुमत 118 ही रहेगा, इसलिए टीवीके को 11 और विधायक चाहिए। फिलहाल कांग्रेस के 5 विधायकों का समर्थन मिला है।

उधर, पश्चिम बंगाल में भाजपा सरकार का शपथ समारोह 9 मई को कोलकाता के ब्रिगेड परेड ग्राउंड में सुबह 10 बजे होगा। प्रदेश अध्यक्ष समिक भट्टाचार्य ने बुधवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 7 मई को विधायक दल की बैठक होगी।

### टीवीके को बहुमत के लिए 11 विधायकों की जरूरत

विजय लेफ्ट और वीसीके जैसे छोटे दलों के भी संपर्क में हैं। इसके अलावा जरूरत पड़ने पर एआईएडीएमके से भी समर्थन लिया जा सकता है। हालांकि, एआईएडीएमके में 20 विधायकों में टूट की खबर भी आ रही है। कौन-कौन सी पार्टी उन्हें समर्थन देंगी यह साफ नहीं है। टीवीके ने बुधवार को अपने सभी नवनिर्वाचित विधायकों को महाबलीपुरम के चेंगलपट्टू स्थित फोर पॉइंट्स नाम के रिसॉर्ट में शिफ्ट कर दिया है।





## सोना 3 हजार बढ़कर 1.51 लाख पर पहुंचा

**नई दिल्ली।** सोने-चांदी के दाम में आज यानी 6 मई को बढ़त रही। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार, 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 3 हजार रुपए बढ़कर 1.51 लाख रुपए पर पहुंच गया है। इससे पहले ये 1.48 लाख रुपए पर था। वहीं, एक किलो चांदी 9 हजार रुपए बढ़कर 2.49 लाख रुपए पर पहुंच गई है। इससे पहले चांदी की कीमत 2.40 लाख रुपए थी। 29 जनवरी को सोने ने 1.76 लाख रुपए और चांदी ने 3.86 लाख रुपए का ऑलटाइम हाई बनाया था। 2026 में सोना अब तक 18 हजार रुपए महंगा हुआ है। 31 दिसंबर 2025 को 10 ग्राम सोना 1.33 लाख रुपए पर था, जो अब 1.51 लाख रुपए पर पहुंच गया है। इस साल चांदी 19 हजार रुपए महंगी हुई है। 31 दिसंबर 2025 को चांदी 2.30 लाख रुपए किलो थी, जो अब बढ़कर 2.49 लाख रुपए पर पहुंच गई है।

## भविष्य की आवश्यकताओं के अनुरूप उदयपुर के विकास का ब्लूप्रिंट करें तैयार : मुख्यमंत्री शर्मा

जयपुर।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने भविष्य की आवश्यकताओं और जनसंख्या वृद्धि के अनुरूप उदयपुर के विकास का ब्लूप्रिंट तैयार करते हुए सड़क सुधार, ट्रैफिक मैनेजमेंट एवं अन्य सुविधाओं के विकास की विस्तृत योजना बनाने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने उदयपुर विकास प्राधिकरण (यूडीए) और नगर निगम को शहर के चारों ओर 25 से 30 किलोमीटर की परिधि में विकास की समस्त संभावनाओं को देखते हुए विशेष कार्य योजना तैयार करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री बुधवार को उदयपुर के जिला परिषद सभागार में जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने कहा कि उदयपुर राजस्थान का सबसे प्रमुख पर्यटक शहर है। यहां देश दुनिया से पर्यटक आते हैं। इसके दृष्टिगत अधिकारी आवश्यक कार्ययोजना बनाएं। उन्होंने कहा कि देवास परियोजना शहर के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। इस परियोजना के कार्य को शीघ्र पूरा किया जाए।



### ग्राम रथ में अधिकारियों की उपस्थिति सुनिश्चित हो

मुख्यमंत्री ने कहा कि ग्राम रथ यात्रा के माध्यम से 13 विभागों के बारे में आमजन को जानकारी प्रदान करते हुए जागरूक किया जा रहा है। इन रथ यात्राओं में उपखंड अधिकारी एवं तहसीलदार अनिवार्य रूप से उपस्थित रहते हुए आमजन से संवाद करें। बैठक में जल संसाधन विभाग, विद्युत प्रसारण निगम लिमिटेड, आरएनटी मेडिकल कॉलेज, सार्वजनिक निर्माण विभाग, जलदाय विभाग, अजमेर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड और चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने योजनाओं एवं कार्यों की प्रगति के बारे में मुख्यमंत्री को अवगत कराया। संभागीय आयुक्त प्रज्ञा केवलरमानी ने जिले एवं संभाग की प्रशासनिक स्थिति, यूडीए एवं नगर निगम आयुक्त अभिषेक खन्ना ने शहर में चल रहे विकास कार्यों एवं पुलिस अधीक्षक डॉ. अमृता दुहन ने शहर के ट्रैफिक मैनेजमेंट के बारे में विस्तृत जानकारी दी।

## डीजीपी राजीव कुमार शर्मा से मिला यूनिसेफ का प्रतिनिधिमंडल

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** राजस्थान में महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा को और सुदृढ़ बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के तहत यूनिसेफ भारत की कंट्री हेड सिंथिया मैककैफ्रे के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने बुधवार को पुलिस मुख्यालय जयपुर में महानिदेशक पुलिस राजीव कुमार शर्मा से मुलाकात की। इस दौरान आयोजित बैठक में चाइल्ड फ्रेंडली पुलिसिंग कार्यक्रम को अधिक प्रभावी और व्यापक बनाने पर विस्तृत चर्चा हुई। पुलिस मुख्यालय के कॉफ्रेंस सभागार में आयोजित इस बैठक में मैककैफ्रे ने राजस्थान में यूनिसेफ और पुलिस के बीच चल रही पहलों पर संतोष व्यक्त करते हुए उन्हें और अधिक सुदृढ़ करने पर बल दिया। उन्होंने कालिका पेट्रोलिंग यूनिट, सुरक्षा सखी और वत्सल वार्ता जैसे अभिनव प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि ये पहल महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा के लिए प्रभावी मॉडल बन रही हैं। बैठक में दोनों संस्थाओं के बीच समन्वय को और मजबूत करने पर सहमति बनी। बाल सुरक्षा, शिक्षा, स्वास्थ्य और पोषण जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर गहन मंथन किया गया साथ ही वर्तमान कार्यक्रमों के प्रभाव की समीक्षा कर भविष्य की रणनीति पर विचार किया गया। विशेष रूप से सिस्टम स्ट्रेंथनिंग और स्केल-अप मॉडल को आगे बढ़ाने पर जोर दिया गया ताकि इन पहलों का लाभ अधिक से अधिक लोगों तक पहुंच। डीजीपी शर्मा ने बैठक के दौरान सामुदायिक पुलिसिंग को सशक्त बनाने पर विशेष जोर देते हुए कहा कि स्कूलों में ऑनलाइन सेफ्टी और साइबर सेफ्टी को लेकर नियमित जागरूकता कार्यक्रम चलाना आज की प्रमुख आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि बच्चों को अपराधों से बचाव के प्रति जागरूक करना बेहद जरूरी है और इसके लिए पुलिस एवं समाज के बीच सक्रिय सहभागिता से सकारात्मक वातावरण तैयार किया जा सकता है।



बैठक में महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा के साथ-साथ उन्हें जागरूक और सशक्त बनाने के लिए यूनिसेफ प्रतिनिधियों और पुलिस अधिकारियों ने विस्तार से सुझाव भी दिए जिन पर आगामी दिनों में यूनिसेफ प्रतिनिधियों द्वारा कार्ययोजना तैयार कर प्रस्तुत की जाएगी। इस अवसर पर यूनिसेफ राजस्थान के स्टेट हेड केएल नरसिम्हा राव, बाल संरक्षण विशेषज्ञ डॉ संजय कुमार निराला, अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक सामुदायिक पुलिसिंग लता मनोज कुमार सहित संबंधित पुलिस अधिकारी उपस्थित रहे।


## नि:शुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित



निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** पुलिस आयुक्तालय की रिजर्व पुलिस लाईन चांदपोल जयपुर स्थित डिस्पेंसरी में बुधवार को 8 एएम से 2 पीएम तक अमर मेडिकल रिसर्च सेंटर मानसरोवर के सौजन्य से नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। पुलिस उपायुक्त मुख्यालय राजेश कॉवट ने बताया कि चिकित्सा शिविर में सेवानिवृत पुलिस कर्मचारियों और उनके परिवार के सदस्यों को नि:शुल्क स्वास्थ्य फिजिशियन, मानसिक स्वास्थ्य विशेषज्ञ, अस्थि रोग विशेषज्ञ एवं नेत्र रोग विशेषज्ञ द्वारा परामर्श दिया गया व सामान्य जॉच रक्त चाप, ब्लड सुगर एवं ईसीजी आदि की गई। जिसमें कुल 109 कार्मिकों ने जांच करवाई व चिकित्सा परामर्श लिया। स्वास्थ्य शिविर का आयोजन अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त पार्थ शर्मा, लखन मीणा एवं पुलिस निरीक्षक सपना पुनिया ने सफलतापूर्वक करवाया।

## आचार्यश्री ने जिनाज्ञा को मुमुक्षु रूप में साधना करने की दी स्वीकृति



निसं

**लाडनूं ( नवयत्न )।** तेरापंथ के अधिशास्ता आचार्यश्री महाश्रमण ने बुधवार को सुधर्मा सभा में किनारे पर क्यों खड़े हो ? विषय पर व्याख्यान देते हुए कहा कि भगवान महावीर मानों गौतम को समझा रहे हैं कि देखो गौतम तुमने समुद्र को पार किया है, अब किनारे पर क्यों खड़े हो ? एकदम पार पहुंचने के लिए पराक्रम करो और क्षण मात्र भी प्रमाद मत करो। यहां समुद्र जन्म-मरण वाला भवसागर है। जहां बार-बार जन्म और मृत्यु होता रहता है। कर्म को भी एक प्रकार का अर्णव कहा गया है। इसी अर्णव को पार करने के लिए भगवान महावीर गौतम स्वामी को प्रेरणा दे रहे हैं कि तुमने पूरा अर्णव पार कर लिया है, अब किनारे पर क्यों खड़े हो ? जल्दी करो और इसे पूरा करो, वह बिना क्षण भर प्रमाद किए हुए। कार्यक्रम के दौरान जिनाज्ञा ने आचार्यश्री के समक्ष अपनी भावनाओं को अभिव्यक्ति दी तो आचार्यश्री ने जिनाज्ञा को मुमुक्षु रूप में साधना करने की स्वीकृति प्रदान की।

# शाहपुरा रोड फोरलेन पर सियासत तेज

## पूर्व विधायक ने रसूखदारों पर नरमी, गरीबों पर सख्ती के आरोप लगाए

निसं

**नीमकाथाना ( नवयत्न )।** शाहपुरा रोड पर प्रस्तावित फोरलेन सड़क को लेकर अब सियासी माहौल गरमा गया है। पूर्व विधायक रमेश खंडेलवाल ने प्रेस कॉफ्रेंस में स्थानीय प्रशासन, पीडब्ल्यूडी और नगर पालिका पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई में भेदभाव किया जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि विभाग भूमाफियों और रसूखदारों से सांठगांठ कर 80 फीट तक अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई धीमी कर रहा है, जबकि कार्रवाई की शुरुआत पुलिया क्षेत्र से होनी चाहिए थी। इसके विपरीत खेतड़ी रोड पर गरीब लोगों पर दबाव बनाकर उन्हें खुद अतिक्रमण हटाने के लिए मजबूर किया जा रहा है। इसी बीच खेतड़ी मोड़ क्षेत्र के वे लोग,, जो दबाव में स्वयं अतिक्रमण हटा रहे हैं, पूर्व विधायक के कार्यालय पहुंचे और मदद की गुहार लगाई। खंडेलवाल ने उन्हें आश्वस्त करते हुए कहा कि यह भेदभाव कतई नहीं होने दिया जाएगा। खंडेलवाल ने कहा कि डर के माहौल में गरीब लोग स्वयं अतिक्रमण हटा रहे हैं जबकि रसूखदारों के अवैध निर्माण जस के तस खड़े हैं। उन्होंने प्रशासन पर आरोप लगाते हुए कहा कि पूर्व में करीब 181 पेड़ों को 80 फीट की चौड़ाई के हिसाब से हटाया गया था तो अब अतिक्रमण भी उसी मानक के अनुसार समान रूप से हटाया जाना चाहिए। उन्होंने 1956 के भूमि अधिग्रहण का हवाला देते हुए कहा कि उस समय 80 से 84 फीट तक मुआवजा दिया जा चुका है, इसके बावजूद प्रभावशाली लोगों के अतिक्रमण नहीं हटाए जा रहे हैं। पूर्व विधायक ने कार्रवाई पर भी सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि छावनी रोड से गांवड़ी मोड़ तक अतिक्रमण हटाने के दौरान रसूखदारों के मकान बीच में आने से सड़क चौड़ीकरण को तीन चरणों में बांट दिया गया था। केशव मोदी के मकान से जेल तक का निर्माण रोक दिया गया, अब वही पैटर्न इस फोरलेन सड़क में दोहराने की कोशिश हो रही है उन्होंने आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि बड़े-बड़े कॉम्प्लेक्स और प्रभावशाली लोगों के कब्जों को बचाने के लिए निर्माण कार्य को जानबूझकर रोका जा रहा है। साथ ही उन्होंने क्षेत्र के नेताओं से विकास कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाने की अपील की। पूर्व विधायक ने साफ शब्दों में चेतावनी दी कि अतिक्रमण हटाने में भेदभाव हुआ तो वे आंदोलन से भी पीछे नहीं हटेंगे।



### हाईकोर्ट में विचाराधीन है मामला

बता दें कि फोरलेन सड़क चौड़ीकरण को लेकर आस्था जन कल्याण सेवा समिति के जुगल किशोर ने हाईकोर्ट में जनहित याचिका दायर कर रखी है। याचिका में नगरपालिका के मास्टर प्लान के अनुसार सड़क की चौड़ाई 30 मीटर (करीब 100 फीट) दर्शाई गई है। इसी आधार पर अतिक्रमण हटाने और सड़क चौड़ीकरण को लेकर याचिका दायर की गई है, जो वर्तमान में विचाराधीन है।

# म्यूल हंटर अभियान : जयपुर में साइबर गिरोह पर बड़ा प्रहार करते हुए किए 23 आरोपी गिरफ्तार

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** पुलिस कमिश्नरेट जयपुर पश्चिम में चलाए जा रहे म्यूल हंटर अभियान के तहत साइबर अपराधियों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए पुलिस ने 23 आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जबकि 5 आरोपियों को बीएनएस की धारा 170 में पकड़ा गया है। यह कार्रवाई चित्रकूट, हरमाड़ा, चौमूं, दौलतपुरा, करधनी, कालवाड़, झोटवाड़ा, करणी विहार और बगरू थाना क्षेत्रों में की गई। पुलिस उपायुक्त पश्चिम प्रशांत किरण ने बताया कि अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त राजेश कुमार गुप्ता के सुपरविजन में साइबर सेल टीम ने यह कार्रवाई की।

अभियान मुख्य रूप से उन लोगों के खिलाफचलाया गया, जो फर्जी म्यूल बैंक खातों के जरिए साइबर ठगी की रकम का लेन.देन कर रहे थे।

## थाना क्षेत्रों में ऐसे खुलासे

म्यूल हंटर अभियान के तहत पुलिस ने अलग.अलग थाना क्षेत्रों में कार्रवाई करते हुए कई साइबर ठगी गिरोहों का पर्दाफाश किया है। चित्रकूट और बगरू थाना क्षेत्र में पुलिस ने ऑनलाइन सट्टा संचालित करने वाले संगठित गिरोह का भंडाफोड़ कर 7 आरोपियों को गिरफ्तार किया। ये आरोपी सोशल मीडिया और अन्य प्लेटफॉर्म के जरिए युवाओं को लालच देकर सट्टे में जोड़ रहे थे। कालवाड़ और करणी विहार थाना क्षेत्र में फर्जी बैंक खातों के जरिए साइबर ठगी करने वाले बड़े नेटवर्क का खुलासा हुआ है। आरोपी इन खातों के माध्यम से ठगी की रकम का लेन-देन कर रहे थे। हरमाड़ा और दौलतपुरा थाना क्षेत्र में फर्जी ऑनलाइन विज्ञापनों के जरिए लोगों को ठगने वाले गिरोह को पकड़ा गया। आरोपी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर आकर्षक विज्ञापन देकर लोगों से पैसे ऐंठते थे और बाद में संपर्क तोड़ देते थे। चौमूं और करधनी थाना क्षेत्र में ई-मित्र एजेंसी दिलाने के नाम पर ठगी करने वाले आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। ये आरोपी बेरोजगार युवाओं को निशाना बनाकर उनसे विभिन्न शुल्क के नाम पर रकम वसूलते थे। झोटवाड़ा थाना क्षेत्र में एस्कॉर्ट सर्विस और बॉडी मसाज के नाम पर ठगी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश किया गया। आरोपी सोशल मीडिया और ऑनलाइन माध्यमों से लोगों को झांसे में लेकर उनसे अलग-अलग शुल्क के नाम पर पैसे ट्रांसफर करवा लेते थे।

## 40 लाख के 212 मोबाइल बरामद

डीसीपी ने बताया कि मार्च.अप्रैल 2026 के दौरान सीईआईआर पोर्टल और तकनीकी सहयोग से 212 मोबाइल फोन करीब 40 लाख रुपए कीमत ट्रेस कर बरामद किए गए और उनके मालिकों को लौटाए गए। जांच में 50 से अधिक म्यूल अकाउंट सामने आए हैं, जिन पर एनसीआरपी पोर्टल पर 125 से ज्यादा शिकायतें दर्ज हैं। इन खातों में 35 करोड़ रुपए से अधिक के संदिग्ध लेन.देन के संकेत मिले हैं।

## भारी मात्रा में सामान जब्त

कार्रवाई के दौरान पुलिस ने 4 लैपटॉप, 50 मोबाइल फोन, 51 सिम कार्ड, 26 एटीएम कार्ड, 3 क्रेडिट कार्ड, 15 पासबुक, 5 चेकबुक, 1 कार, 2 बाइक और करीब 1.38 लाख रुपए नकद सहित अन्य उपकरण जब्त किए।

## जागरूकता पर भी जोर

साइबर जागरूकता अभियान के तहत मार्च-अप्रैल में 5 स्कूल-कॉलेजों में 3500 से अधिक लोगों को जागरूक किया गया। जयपुर पुलिस की इस कार्रवाई को साइबर अपराध पर प्रभावी अंकुश की दिशा में बड़ी सफलता माना जा रहा है।

पुलिस अब पूरे नेटवर्क की गहन जांच कर अन्य आरोपियों की पहचान में जुटी हुई है।



## करोड़ों की ठगी पर लगाम

प्रशांत किरण ने बताया कि जनवरी से अप्रैल 2026 के बीच पुलिस ने साइबर ठगी के करीब 3 करोड़ 90 लाख रुपए संदिग्ध खातों में होल्ड करवाए। वहीं 1 करोड़ 35 लाख रुपए पीड़ितों को रिफंड कराए गए, जिससे कई लोगों को राहत मिली।

# एटीएम ठग निकला वीरपाल हत्याकांड इनामी

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** झोटवाड़ा थाना पुलिस द्वारा पकड़ी गई एसवीएस गैंग के सदस्यों से पूछताछ में कुम्हेर डीग के बहुचर्चित वीरपाल हत्याकांड का फरार आरोपी सोनू वैष्णव पुलिस के हत्थे चढ़ गया। यह आरोपी पिछले दो साल से फरार था और उस पर 5 हजार रुपए का इनाम घोषित था। पुलिस उपायुक्त पश्चिम प्रशांत किरण ने बताया कि झोटवाड़ा थाना पुलिस ने एटीएम बदलकर धोखाधड़ी करने वाली अंतरराज्यीय एसवीएस गैंग के तीन सदस्यों-वीरेंद्र सिंह, सोनू वैष्णव और सद्दामकृको गिरफ्तार किया था। इनसे सघन पूछताछ और तकनीकी विश्लेषण के दौरान सोनू वैष्णव की असल पहचान सामने आई। जांच में सामने आया कि सोनू वैष्णव 23, निवासी नदबई भरतपुर, कुम्हेर डीग क्षेत्र में हुए वीरपाल हत्याकांड का मुख्य आरोपी है। उसने अपने साथियों के साथ मिलकर जमीनी विवाद के चलते वीरपाल पर फायरिंग कर हत्या कर दी थी। वारदात के बाद वह लगातार फरार चल रहा था। आरोपी के खिलाफ राजस्थान के विभिन्न थानों में एक दर्जन से अधिक आपराधिक मामले दर्ज हैं। इनमें कुम्हेर थाना में हत्या का मामला, भरतपुर के कोतवाली और सेवर थानों में कई प्रकरण, तथा वर्ष 2023 में धोखाधड़ी धारा 420, 406 और आर्म्स एक्ट के तहत दर्ज मामले शामिल हैं। इस कार्रवाई में अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त पश्चिम राजेश कुमार गुप्ता के निर्देशन और सहायक पुलिस आयुक्त झोटवाड़ा आलोक सैनी के सुपरविजन में थानाधिकारी राजेंद्र सिंह के नेतृत्व में टीम ने काम किया। टीम में उप निरीक्षक सुनील चौहान, हेड कांस्टेबल बलराम, मालीराम, महिपाल सहित अन्य पुलिसकर्मी शामिल रहे।

# रील शूट कर रहे स्टूडेंट्स को कार ने मारी टक्कर

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** माणक चौक थाना क्षेत्र में हवामहल के सामने रील शूट कर रहे इंजीनियरिंग स्टूडेंट्स को कार ने टक्कर मार दी। आरोप है कि चालक ने रिवर्स में कार दौड़ाकर बाइक सवार छात्रों को कुचलने की कोशिश की और इसके बाद मौके से फरार हो गया।

घटना 3 मई की रात करीब डेढ़ बजे की है, जिसका सीसीटीवी फूटेज अब सामने आया है। पुलिस के अनुसार चारों स्टूडेंट्स एक निजी इंजीनियरिंग कॉलेज के हैं, जिनमें एक महिला एंकर छात्रा, एक अन्य छात्रा और दो छात्र शामिल थे। हादसे में बाइक पर बैठी एक छात्रा घायल हो गई। घायल छात्रा के साथी ने बताया कि टक्कर मारने वाली कार टैक्सी नंबर की स्विफ्ट डिजायर थी, जिसमें चालक सहित चार लोग सवार थे। आरोप है कि टक्कर के बाद कार के साथ छात्रा कुछ मीटर तक घिसटती चली गई। घटना के बाद स्टूडेंट्स ने पुलिस पर भी लापरवाही के आरोप लगाए हैं। उनका कहना है कि माणक चौक थाना पुलिस ने न तो उनकी शिकायत पर तुरंत कार्रवाई की और न ही घायल छात्रा का मेडिकल कराया। छात्रों का यह भी कहना है कि सीसीटीवी फुटेज भी उन्होंने खुद ही आसपास के दुकानदारों से जुटाए। वहीं थानाधिकारी राकेश कविया ने बताया कि कार के नंबर और चालक की पहचान कर ली गई है तथा आरोपितों के खिलाफ जल्द कार्रवाई की जाएगी। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

# चलती बस में महिला के गहने पार

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** कालवाड़ थाना क्षेत्र में चलती बस में एक विवाहिता के गहने चोरी होने का मामला सामने आया है। नागौर से जयपुर आ रही महिला को बातों में उलझाकर दो महिलाओं ने उसके पर्स में रखे सोने-चांदी के गहने पार कर लिए। पीड़िता के पति ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर थाने में मामला दर्ज कराया है। पुलिस के अनुसार नागौर जिले के डीडवाना निवासी श्रवण सिंह 30 ने रिपोर्ट दी है कि 30 अप्रैल को उनकी पत्नी नागौर से जयपुर आने के लिए बस में सवार हुई थी। रास्ते में जोबनेर बस स्टैंड पर बस करीब 15 मिनट तक रुकी। इसी दौरान दो महिलाएं बस में चढ़कर उसकी पत्नी के पास आकर बैठ गईं। दोनों महिलाएं बातचीत कर जान-पहचान बढ़ाने लगीं और शादी से आने-जाने को लेकर सवाल पूछने लगीं। उन्होंने कंडक्टर को सिंधी कैंप जाने के लिए किराया भी दिया, जिससे किसी को शक न हो। इसी दौरान बातों में उलझाकर उन्होंने महिला के पर्स में रखे सोने.चांदी के गहने-कान के झुमके, गले का हार, रखड़ी, शीशफूल, चार अंगूठियां और हथफूल-चुपचाप निकाल लिए। कुछ देर बाद एक महिला ने फोन कर किसी को बुलाने का बहाना बनाया और बस रुकवाकर बिना निर्धारित स्टॉप के ही नीचे उतर गईं। महिला को शक होने पर उसने अपना पर्स चेक किया तो गहने गायब मिले।

इसके बाद मामले की सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपित महिलाओं की तलाश शुरू कर दी है।

# लैपटॉप-मोबाइल चुराने वाला गिरफ्तार

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** हरमाड़ा थाना पुलिस ने सूने मकान में हुई नकबजनी की वारदात का खुलासा करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार कर चोरी का माल बरामद किया है। आरोपी के कब्जे से लैपटॉप, स्मार्ट वॉच और मोबाइल फोन बरामद किए गए हैं। फिलहाल आरोपित से पूछताछ की जा रही है।

पुलिस उपायुक्त पश्चिम प्रशांत किरण ने बताया कि 2 मई 2026 को परिवादी प्रिंस चौधरी ने रिपोर्ट दी थी कि उनके मकान प्लॉट नंबर सी-967, शंकर कॉलोनी, न्यू लोहा मंडी रोड से अज्ञात व्यक्ति लैपटॉप, स्मार्ट वॉच, दो मोबाइल फोन और नकदी चोरी कर ले गया। इस पर हरमाड़ा थाने में मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। इस वारदात की गंभीरता को देखते हुए अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त राजेश कुमार गुप्ता और सहायक पुलिस आयुक्त आलोक सैनी के सुपरविजन में थानाधिकारी उदय सिंह के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई। टीम ने घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली और आरोपी की पहचान करते हुए गोविंद राय निवासी विश्वकर्मा जयपुर हाल विद्याधर नगर को गिरफ्तार किया है।

पूछताछ में सामने आया कि आरोपी मजदूरी और शादियों में कैटरिंग का काम करता है तथा नशे का आदी है। घटना के दिन वह काम की तलाश में घूमते हुए न्यू लोहा मंडी रोड पहुंचा। वहां एक मकान में मौका पाकर अंदर घुसा और बैग से लैपटॉप, स्मार्ट वॉच, मोबाइल फोन व नकदी चोरी कर फरार हो गया। आरोपी के खिलाफ पहले भी हरमाड़ा थाने में एनडीपीएस एक्ट और चोरी के मामले दर्ज हैं। पुलिस की त्वरित कार्रवाई से नकबजनी का जल्द खुलासा हो गया। पुलिस अब आरोपी से अन्य वारदातों के संबंध में पूछताछ कर रही है। इस कार्रवाई में थानाधिकारी उदय सिंह के नेतृत्व में हेड कांस्टेबल राजेंद्र कुमार, राकेश कुमार, कांस्टेबल दयाराम और महेंद्र की भूमिका सराहनीय रही।

# एक साल से फरार चल रहे साइबर ठगी के दस-दस हजार के दो बदमाश गिरफ्तार

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** जालूपुरा थाना पुलिस ने साइबर अपराधों के खिलाफ सख्त रुख अपनाते हुए एक साल से फरार चल रहे दस-दस हजार रुपये के इनामी दो साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपित महाराष्ट्र के लोगों के नाम पर बैंक खाते किराये पर लेकर साइबर ठगी की रकम खपाते थे। फिलहाल आरोपितों से पूछताछ की जा रही है । पुलिस उपायुक्त उत्तर करण शर्मा ने बताया कि जालूपुरा थाना पुलिस ने साइबर अपराधों के खिलाफ सख्त रुख अपनाते हुए एक साल से फरार चल रहे दस-दस हजार रुपये के इनामी विजय रमेश राव सेण्डे निवासी बरोरा जिला चंद्रपुर, महाराष्ट्र और सूर्य प्रकाश सैनी निवासी उदयपुरवाटी जिला झुंझुनू को गिरफ्तार किया है। पुलिस जांच में सामने आया कि ये अपराधी बेहद शातिर तरीके से ठगी को अंजाम देते थे। जो भोले-भाले और कम पढ़े-लिखे



लोगों को सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने का झांसा देते थे। केवाईसी के बहाने उनके सिम कार्ड, एटीएम और बैंक पासबुक ले लेते थे। इन फर्जी खातों का उपयोग साइबर फ्रॉड की राशि को इधर-उधर करने के लिए किया जाता था। पुलिस अब इनके द्वारा की गई अब तक की ठगी की कुल राशि और गिरोह के अन्य नेटवर्क की गहन जांच कर रही है। थानाधिकारी हवासिंह मंगावा ने बताया कि 18 जुलाई 2025 को जालूपुरा थाना पुलिस को सूचना मिली थी कि जैन पार्श्वनाथ ट्रेवल्स पोलो विक्ट्री, जयपुर पर विजय सेण्डे नागपुर के नाम से एक पार्सल बुक करवाया गया है। पुलिस ने जब इसकी जांच की तो पार्सल से भारी मात्रा में अवैध मोबाइल सिम कार्ड, बैंक पासबुक और एटीएम कार्ड बरामद हुए। इस पर पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू की थी। पुलिस टीम को मुखबिर से सूचना मिली कि वांछित आरोपी विजय सेण्डे नागपुर से राजस्थान आया हुआ है और वह सीकर के रिंगस में अपने साथी सूर्य प्रकाश सैनी से मिलने वाला है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने जाल बिछाया और दोनों को दस्तयाब कर लिया। पूछताछ के बाद गिरफ्तार किय। इस कार्रवाई में जालूपुरा थाना टीम उनि राजेंद्र कुमार शर्मा, एचसी अनिल कुमार, कांस्टेबल लक्ष्मीकांत, जितेंद्र सिंह, शिवराज और साइबर सेल जयपुर उत्तर कांस्टेबल नन्छूराम की विशेष भूमिका रही।

# एनसीसी शिविर का शुभारंभ




निसं

**रींगस ( नवयत्न )।** एक्सीलेंस इंग्लिश एकेडमी में चल रहे एनसीसी शिविर का संचालन 3 राज बटालियन एनसीसी सीकर द्वारा किया जा रहा है। बुधवार को शिविर का औपचारिक शुभारंभ किया गया, जिसमें कमांडिंग ऑफिसर कर्नल जेएस लाम्बा, सेना मेडल ने मुख्य संबोधन दिया। अपने उद्घाटन भाषण में कर्नल लाम्बा ने कैडेट्स को अनुशासन, नेतृत्व क्षमता एवं राष्ट्र सेवा के मूल्यों को अपनाने के लिए प्रेरित किया। शिविर में कुल 507 कैडेट्स भाग ले रहे हैं, जिनके प्रशिक्षण हेतु 15 पीआई स्टाफ, 6 एएनओ तथा 4 जीसीए सक्रिय रूप से कार्यरत हैं। इसके साथ ही सिविल स्टाफ के सदस्य भी व्यवस्थाओं में सहयोग कर रहे हैं। कैम्प को आयोजन करने के लिए एक्सीलेंस इंग्लिश एकेडमी के चेयरमैन प्रदीप कुमार शर्मा बहुत बड़ा योगदान रहा। शिविर के दौरान कैडेट्स को ड्रिल, फायरिंग, व्यक्तित्व विकास एवं विभिन्न सैन्य गतिविधियों का प्रशिक्षण दिया जाएगा, जिससे उनमें अधिकारी जैसे गुणों का विकास हो सके।

# गीतांजलि को पुरस्कार में मिले 45 हजार

सपना शर्मा

**सीकर ( नवयत्न )।** जयपुर-बीकानेर बाइपास स्थित फ्लोरेटो वर्ल्ड स्कूल की छात्रा गीतांजलि ने प्रतिष्ठित इंटरनेशनल कोर्ट ऑफ जस्टिस एग्जाम में प्रथम स्थान प्राप्त कर शानदार सफलता हासिल की है। इस उपलब्धि पर गीतांजलि को 45 हजार रुपये के नकद पुरस्कार से सम्मानित किया गया। छात्रा की इस शानदार सफलता पर फ्लोरेटो वर्ल्ड स्कूल निदेशिका डॉ मीनाली सुंडा एवं प्रिंसिपल रिंकू शर्मा ने गीतांजलि और उनके अभिभावकों को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।



# अंतर्राज्यीय हथियार तस्कर पहलवान गिरफ्तार

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** जयपुर ग्रामीण की चन्दवाजी थाना पुलिस ने अवैध हथियारों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक अंतर्राज्यीय हथियार तस्कर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से भारी मात्रा में हथियार और कारतूस बरामद किए हैं। यह आरोपी राजस्थान और हरियाणा में आर्म्स एक्ट के कई मामलों में वांछित था। पुलिस अधीक्षक जयपुर ग्रामीण हनुमान प्रसाद ने बताया कि गत दिनों पहले चन्दवाजी थाना पुलिस ने टीएसी



पुलिया चन्दवाजी के नीचे से साहिल नामक युवक को गिरफ्तार कर उसके पास से 4 देशी कट्टे, 4 स्वचालित पिस्टल, 5 मैग्जीन और 16 जिंदा कारतूस बरामद किए थे। पूछताछ में साहिल ने इन हथियारों का मुख्य सप्लायर अनिल उर्फ पहलवान को बताया। साहिल से मिली जानकारी के आधार पर पुलिस ने तकनीकी सहायता और मुखबिर की सूचना पर राजस्थान जायका ढाबा, चन्दवाजी के पास दबिश दी। वहां से मुख्य आरोपी अनिल उर्फ पहलवान निवासी हिंगोटा जिला भरतपुर को गिरफ्तार किया। साथ ही उसके पास मौजूद लाल रंग के बैग से 2 पिस्टल, 5 मैग्जीन, 3 देशी कट्टे और 15 जिंदा कारतूस बरामद किए गए। पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपी गिरोह का सरगना है जो सोशल मीडिया पर छोटे-छोट फंटर्स का ग्रुप बनाकर हथियारों की डिमांड लेता था। वे नगद भुगतान लेकर अनजान व्यक्तियों के जरिए हथियारों की डिलीवरी करवाते थे। आरोपी अनिल राजस्थान के गोविन्दगढ़ जयपुर ग्रामीण और हरियाणा के नारनौल सीआईए में भी वांछित है। इस कार्रवाई में थानाधिकारी चन्दवाजी नितिन चौधरी आईपीएस प्रोबेशनर के नेतृत्व में गठित टीम ने अहम भूमिका निभाई। इस टीम में उप निरीक्षक देवेन्द्र चावला तथा कांस्टेबल रोहिताश और सुभाष चन्द शामिल थे। विशेष रूप से कांस्टेबल रोहिताश बराला की भूमिका सराहनीय रहा।

# सूने मकान में नकबजनी करने वाले दो शातिर बदमाश गिरफ्तार

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** बनीपार्क थाना पुलिस ने सूने मकान में हुई बड़ी नकबजनी की वारदात का खुलासा करते हुए दो शातिर आरोपितो को गिरफ्तार किया है। इनमें एक मुख्य नकबजन और दूसरा चोरी की विदेशी मुद्रा यूएस डॉलर खरीदने वाला शामिल है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से लाखों रुपए कीमत के चोरी किए गए यूएस डॉलर बरामद किए हैं। फिलहाल आरोपितो से पूछताछ की जा रही है। पुलिस उपायुक्त पश्चिम प्रशांत किरण ने बताया कि बनीपार्क थाना पुलिस ने सूने मकान में हुई बड़ी नकबजनी की वारदात करने वाले मुख्य नकबजन मनोरूल अली 30 निवासी मालदा पश्चिम बंगाल हाल निवासी शास्त्री नगर जयपुर और चोरी के यूएस डॉलर खरीदने वाले विकास अग्रवाल 43 निवासी शिव नगर प्रथम, मुरलीपुरा को गिरफ्तार किया है। पुलिस पूछताछ में सामने



आया है कि आरोपित वारदात के बाद पश्चिम बंगाल और बिहार भागने की योजना बना रहे थे। लेकिन उससे पहले ही पुलिस ने उन्हें दबोच लिया। पुलिस ने आरोपितों के कब्जे से लाखों रुपए कीमत के चोरी किए गए यूएस डॉलर बरामद किए हैं। साथ ही अन्य साथियों की पहचान भी कर ली गई है और उनसे जुड़े अन्य मामलों में पूछताछ जारी है। थानाधिकारी मनोज बेरवाल ने बताया कि परिवादी शैलादित्य सिंह और अक्षयराज सिंह ने रिपोर्ट दी थी कि 28 अप्रैल 2026 की रात को वे घर पर नहीं थे। इसी दौरान अज्ञात चोर उनके मकान प्लॉट नंबर डी-237, बिहारी मार्ग, बनीपार्क का ताला तोड़कर अंदर घुस गए और यूएस डॉलर, नकदी, पन्ना, पुखराज, चांदी के बर्तन सहित अन्य कीमती सामान चोरी कर ले गए। इस पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की। वहीं वारदात की गंभीरता को देखते हुए अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त पश्चिम राजेश कुमार गुप्ता और सहायक पुलिस आयुक्त सदर धर्मवीर सिंह के सुपरविजन में विशेष टीम गठित की गई। टीम ने घटनास्थल और आसपास लगे सैकड़ों सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली और तकनीकी साक्ष्यों का विश्लेषण किया। इसके बाद आरोपियों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार किया। पुलिस अब गिरोह के अन्य सदस्यों और वारदातों की कड़ियों को जोड़ने में जुटी है।

इस कार्रवाई में उप निरीक्षक मोहम्मद रफीक के साथ कांस्टेबल बलराम और श्यामलाल की विशेष भूमिका रही।

# निर्माणाधीन मकान के टैंक में डूबी दो मासूम बच्चियां

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** शिप्रापथ थाना क्षेत्र में मंगलवार देर शाम एक दर्दनाक हादसे में पांच साल की दो मासूम बच्चियों की पानी से भरे टैंक में डूबने से मौत हो गई। यह घटना जगन्नाथपुरी सेकेंड इलाके की है। जहां दोनों बच्चियां खेलते-खेलते पड़ोस में बन रहे निर्माणाधीन मकान में बने टैंक में गिर गईं। पुलिस ने मर्ग दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। थानाधिकारी महेंद्र सिंह ने बताया कि राधिका 5 पुत्री पप्पू कुमार निवासी बिहार और गोसिया उर्फ ओसिया 5 पुत्री जाकिर निवासी उत्तर प्रदेश मंगलवार देर शाम करीब सवा 7 बजे घर से खेलने के लिए निकली थीं। करीब 15-20 मिनट तक वापस नहीं लौटने पर परिजनों को चिंता हुई और उन्होंने आसपास तलाश शुरू की। काफी खोजबीन के बाद परिजन निर्माणाधीन मकान तक पहुंचे। जहां टैंक के पास एक बच्ची की चप्पल मिली। शक होने पर परिजनों ने टैंक में झांका तो दोनों बच्चियों के शव पानी में तैरते मिले। इसके बाद परिजन उन्हें तुरंत टैंक से बाहर निकाल कर जयपुरिया अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद दोनों को मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया। कुछ प्रक्रियाएं सवाई मानसिंह अस्पताल की मोर्चरी में भी पूरी की गईं। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सुपुर्द किए गए। पुलिस ने मर्ग दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सिंह ने बताया कि जिस टैंक में हादसा हुआ वह करीब 8 फीट गहरा था। जिसमें लगभग 6 फीट पानी भरा हुआ था। निर्माण स्थल पर पर्याप्त रोशनी नहीं होने के कारण परिजनों का ध्यान उधर नहीं गया। दोनों परिवार शिप्रापथ क्षेत्र में किराये पर रहते हैं और एक-दूसरे के पड़ोसी हैं। राधिका के पिता पप्पू कुमार भांकरोटा क्षेत्र में पेंटिंग का काम करते हैं, जबकि गोसिया के पिता जाकिर विकलांग हैं और रिक्शे पर मोबाइल एसेसरीज बेचकर परिवार का पालन-पोषण करते हैं।

गोसिया अपने माता-पिता की इकलौती संतान थी, जबकि राधिका के परिवार में एक और बच्चा है। करीब 3-4 वर्षों से जयपुर में रह रहे इन दोनों परिवारों पर इस हादसे के बाद दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। इलाके में भी घटना के बाद शोक का माहौल है।

# ग्राम रथ अभियान के तहत जनकल्याणकारी योजनाओं की दी जानकारी

निसं

**राजलदेसर ( नवयत्न )।** राज्य सरकार के ग्राम रथ अभियान के अंतर्गत बुधवार को ग्राम पंचायत सिमसिया बिदावतान में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान ग्राम रथ गांव में पहुंचकर विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी ग्रामीणों को प्रदान की गई। कार्यक्रम के दौरान एलईडी मोबाइल वैन के माध्यम से योजनाओं से संबंधित फिल्म का प्रदर्शन किया गया, जिससे ग्रामीणों को योजनाओं की उपयोगिता और लाभों के बारे में सरल एवं प्रभावी



ढंग से अवगत कराया गया। साथ ही पात्र व्यक्तियों को योजनाओं का अधिकाधिक लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से भी जनजागरूकता का संदेश दिया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ गणेश वंदना के साथ किया गया। इस अवसर पर प्रशासक प्रमेश्वरलाल मेघवाल, एडीओ लक्ष्मीनारायण सैनी, वीडीओ हिम्मत सिंह जाट, एएओ गंगराज शर्मा, कृषि पर्यवेक्षक विनोद कुमार प्रजापति, महिला पर्यवेक्षक कंचन शर्मा, पटवारी सरला श्योराण, एलडीसी भगवानाराम, नर्सिंग ऑफिसर विजयपाल, पर्यावरण प्रेमी शिवम प्रजापति, हेमाराम, जीवनराम फौजी, भगवानाराम, दुर्गाराम एवं धर्मपाल सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन मोहिदीन खान द्वारा किया गया।

# एसपी ने किया मेहाड़ा थाने का निरीक्षण



निसं

**खेतड़ी ( नवयत्न )।** खेतड़ी उपखंड के हरियाणा सीमा स्थित मेहाड़ा थाने का झुंझुनू एसपी ने निरीक्षण किया। इस दौरान एसपी ने थाना क्षेत्र की जानकारी लेकर अपराधियों पर अंकुश लगाने के निर्देश दिए। एसपी कावेंद्र सिंह सागर ने बताया कि मेहाड़ा थाना क्षेत्र का अधिकांश एरिया हरियाणा सीमा से सटा हुआ है। यहां अपराधिक घटनाओं को अंजाम देने कर बदमाश हरियाणा में भाग जाते है। ऐसे में सीमावर्ती क्षेत्रों में प्रभावी पुलिसिंग कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। एसपी ने बताया कि वर्तमान में साइबर क्राइम अधिक बढ़ रहा है। अनजान काल को लेकर जागरूक रहें तथा अपने बैंक संबंधित जानकारी किसी से साझा नहीं करें। इसके अलावा किसी प्रकार की संदिग्ध गतिविधियां दिखाई दे तो तुरंत पुलिस को सुचित कर पुलिस का सहयोग करें। एसपी ने कस्बे में जाम की समस्या को लेकर जल्द प्रभावी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इस दौरान कस्बे व थाने का निरीक्षण कर पेंडिंग मामलों का निस्तारण करने, रिकार्ड संधारण करने के निर्देश दिए। इसके बाद एसपी ने थाने में पेंडिंग मामलों का निस्तारण करने, माल खाने का निरीक्षण कर परिवाद लेकर आने वाले लोगों को बेहतर सुविधा मुहैया करवाने के निर्देश दिए। वहीं हरियाणा के सीमावर्ती क्षेत्रों में प्रभावी गश्त कर अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इसके बाद एसपी ने थाना परिसर में सीएलजी सदस्यों व ग्राम रक्षकों की बैठक कर पुलिस का सहयोग करने का आह्वान किया। इस मौके पर एएसपी फूलचंद मीणा, डीएसपी जुल्फीकार अली, थानाधिकारी राममनोहर, एएसआई पतराम, भीम सिंह, अनिल कुमार, एचसी राजेश कुमार, पंकज कुमार, रोहिताश सहित अनेक लोग मौजूद थे।

# साधु के भेष में ठगी की वारदात

## मां-बेटे से 25 हजार नकद व गेहूं लेकर फरार



निसं

**खेतड़ी ( नवयत्न )।** खेतड़ी उपखंड के शिमला गांव में ठगी की एक वारदात सामने आई जहां साधु के भेष में आए दो अज्ञात बदमाशों ने खेत में रह रहे एक परिवार को झांसे में लेकर 25 हजार नकद और एक कट्टा गेहूं लेकर फरार हो गए। इस संबंध में मेहाड़ा थाने में शिकायत दर्ज कराई गई है। जानकारी के अनुसार बास मोहल्ला, खानका जोहड़ में जयप्रकाश का परिवार खेत में बने मकान में रह रहा है। जयप्रकाश सऊदी अरब में काम करता है जबकि घर पर उनकी पत्नी सरोज देवी और पुत्र सचिन मौजूद थे। मंगलवार को बाइक पर सवार दो व्यक्ति वहां पहुंचे और खुद को साधु बताते हुए घर के बाहर बैठ गए। उन्होंने पहले चाय मांगी और बातचीत के दौरान घर के अंदर आ गए। दोनों व्यक्तियों ने धार्मिक क्रिया कराने की बात कहकर लाल कपड़ा और नारियल मंगवाया तथा भभूति और 100 रुपए दिए। इसके बाद उन्होंने घर में रखी नकदी लाने को कहा। उस समय महिला और उसका बेटा उनके प्रभाव में आ गए और 25 हजार रुपए उन्हें दे दिए। इसके बाद आरोपियों ने गेहूं भी मांगा और एक कट्टा गेहूं लेकर तुरंत बाइक से निकल गए। उनके जाने के बाद परिवार को ठगी का अहसास हुआ, जिसके बाद आसपास के लोगों को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही पड़ोसी मौके पर पहुंचे और आसपास तलाश की लेकिन बदमाशों का कोई पता नहीं चल पाया। इसके बाद मामले की सूचना पुलिस थाना मेहाड़ा को दी गई। पुलिस टीम मौके पर पहुंची और घटना की जानकारी जुटाई। इस दौरान पुलिस आसपास के संदिग्ध लोगों से पुछताछ की जा रही है।

# उपखंड कार्यालय पर हर वक्त मधुमक्खियों के हमले का डर



निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** स्थानीय न्यायालय परिसर में उपखंड कार्यालय और तहसील कार्यालय सटे हुए स्थित हैं लेकिन उपखंड कार्यालय की प्याउ के पास स्थित एक पेड़ पर मधुमक्खियों का काफी बड़ा छता स्थित है, जिसके कारण हर वक्त लोगों को मधुमक्खियों के हमले का अंदेशा बना रहता है। जनहित संघर्ष मोर्चा के अध्यक्ष एडवोकेट रामकुमार मेघवाल ने प्रशासन से जल्द से जल्द इस छाते को हटाये जाने की मांग की है। आपको बता दें कि हाल ही के वर्षों में बीएसएनएल कार्यालय के पास मधुमक्खियों ने एक बार हमला किया था, जिसके कारण एक व्यक्ति की जान चली गई थी और कई वकील भी घायल हुए थे। लेकिन फिर से यह खतरा अब उपखंड कार्यालय के पास मंडरा रहा है। अगर समय रहते इसका समाधान नहीं किया गया, तो कभी भी बड़ी घटना हो सकती है। आपको बता दें कि हाल ही में ग्रामीण क्षेत्रों में मधुमक्खियों के हमलों में लोगों के घायल होने की काफी खबरें सामने आ चुकी हैं। ऐसे में उपखंड कार्यालय व तहसील कार्यालय के परिसर में स्थित यह मधुमक्खियों का छता कभी भी बड़े हादसे का कारण बन सकता है।

# शास्त्री को मणीदेवी स्मृति पुरस्कार

निसं

**सिंघाना ( नवयत्न )।** जाने-माने शिक्षाविद् एवं ज्योतिषाचार्य 102 वर्षीय पंडित रामभरोस शास्त्री को इस वर्ष प्रारंभ हुए मणीदेवी स्मृति शिक्षा रत्न पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। यह पुरस्कार उनको शिक्षा एवं ज्योतिष के क्षेत्र में 50 वर्षों से अधिक निरंतर सेवा के लिए दिया जाएगा। भारत भारती संस्थान के प्रदेशाध्यक्ष परमेश्वरदयाल शर्मा के अनुसार मणीदेवी स्मृति शिक्षा रत्न पुरस्कार के तहत सिल्वर मेडल, शॉल, श्रीफल, प्रतीक चिह्न, नकद राशि व साहित्य भेंट किया जाएगा। चयन समिति में ख्यात एस्ट्रोलॉजर डॉ रमेश चंद्र शर्मा, समाजसेवी दाताराम भाटी, मोहनलाल गुप्ता, पवन अरोड़ा, कैलाश सोनी, अध्यापक ओमप्रकाश खेडवाल, प्राचार्य चंद्रप्रकाश शर्मा व विक्रम सिंह रोहिला शामिल थे।

# भाजपा की प्रचंड जीत पर विधायक का जताया आभार

निसं



**रींगस ( नवयत्न )।** हाल ही में संपन्न हुए असम और बंगाल के चुनाव में भाजपा को प्रचंड जीत मिलने पर खंडेला के विधायक सुभाष मील का भाजपा कार्यकर्ताओं ने वरिष्ठ भाजपा नेता मूलचंद जांगिड़ के नेतृत्व में जांगिड़ ट्रांसपोर्ट कंपनी मिल तीराहे पर आभार व्यक्त किया। तत्पश्चात भाजपा कार्यकर्ताओं ने भव्य आतिशबाजी एवं मिठाई खिलाकर जीत का जश्न मनाया। गौरतलब है कि खंडेला विधायक सुभाष मील पिछले 1 महीने से असम एवं बंगाल चुनाव में बूथ को मजबूत करने में सक्रिय भूमिका निभाई। इस मौके पर विधायक सुभाष मील ने कहा कि यह जीत बंगाल में भाजपा कार्यकर्ताओं की त्याग और बलिदान की जीत है, आज उन्हीं कार्यकर्ताओं की संघर्ष के बदौलत ही श्यामा प्रसाद मुखर्जी जन्म स्थान पश्चिम बंगाल में पहली बार भाजपा की सरकार बन पाई है। इस मौके पर पूर्व मंडल अध्यक्ष राजेंद्र भातरा, वरिष्ठ भाजपा नेता मूलचंद जांगिड़, कालूराम कुमावत, एडवोकेट दीपक बाजिया, युवा मोर्चा अध्यक्ष ओमप्रकाश कौरखन्या, बार एसोसिएशन अध्यक्ष एडवोकेट गिर्राज सिंह तंवर, विष्णु गंगावत, तेजपाल कुमावत, अरुण बावड़ीका, अभिषेक सिंह शेखावत, सुनील पलसानिया, एडवोकेट कैलाश चंद्र धायल, दुर्गा ढींगरा, संगीता निर्वाण, विष्णु चुलैट, निर्मल सिंह, मंडल प्रभारी एडवोकेट रामकिशन सैनी, उपेंद्र पारीक, देवेंद्र महेश्वरी, महेंद्र बड़ौदा, महेंद्र बावलिया, दिनेश भातरा, गोगराज भामु, जेपी धाबाई, महेंद्र धाबाई, मुकेश शर्मा सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# महला रेजिडेंशियल पब्लिक स्कूल के खिलाड़ियों का वेस्ट जॉन में शानदार प्रदर्शन

निसं




**रींगस ( नवयत्न )।** खेल प्रतिभाओं को निखारने के लिए प्रसिद्ध महला रेजिडेंशियल पब्लिक स्कूल के खिलाड़ियों ने एक बार फिर अपनी उत्कृष्टता का परिचय देते हुए उदयपुर में आयोजित पाँचवीं जूनियर एवं सीनियर वेस्ट जॉन रोल बॉल चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन किया। यह प्रतियोगिता 2 से 3 मई तक रोल बॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया एवं राजस्थान रोल बॉल के तत्वावधान में उदयपुर रोल बॉल एसोसिएशन द्वारा आयोजित की गई। राजस्थान पुरुष टीम ने लीग मुकाबलों में महाराष्ट्र, गुजरात, मध्यप्रदेश एवं दमन दीव जैसी मजबूत टीमों को हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई। सेमीफाइनल में राजस्थान ने आरएसएसए को 3-0 से पराजित कर फाइनल में प्रवेश किया। फाइनल मुकाबला बेहद रोमांचक रहा, जहां कड़े संघर्ष के बाद राजस्थान पुरुष टीम को रजत पदक से संतोष करना पड़ा। वहीं राजस्थान महिला टीम ने भी सराहनीय प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक अपने नाम किया। इस प्रतियोगिता में महला रोल बॉल एकेडमी के खिलाड़ियों ने अहम भूमिका निभाई। टीम में आशीष लांबा, लोकेश निठारवाल, दिवेश आर्यन एवं पूजा महला ने उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन कर विद्यालय एवं क्षेत्र का नाम रोशन किया। विद्यालय प्रबंधन एवं खेल प्रशिक्षकों ने सभी खिलाड़ियों को इस उपलब्धि पर बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। खिलाड़ियों की इस सफलता से क्षेत्र में खुशी का माहौल है और अन्य विद्यार्थियों को भी खेलों के प्रति प्रेरणा मिल रही है। विद्यालय सचिव विशाल महला एवं प्राचार्य राजेंद्र यादव ने खिलाड़ियों का माल्यार्पण कर एवं प्रतीक चिह्न देकर सम्मान किया। इस अवसर पर प्रशिक्षक पिंटू दयाल शर्मा सहित अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी महिपाल महला, राष्ट्रीय खिलाड़ी नवीन कुमार, राघव शर्मा, राकेश जाट, समीर सिंह सैनी, भवानी सैनी, हिमांशु ताखर उपस्थित थे।

महला रेजडेंशियल पब्लिक स्कूल में रोल बॉल सहित अनेक खेलों का नियमित प्रशिक्षण प्रशिक्षित प्रशिक्षकों द्वारा दिया जाता है जिसके कारण विद्यालय लगातार पदक जीतकर अपने क्षेत्र को गौरवान्वित कर रही है।

# 21 मई से निकलेगी 30वीं वैष्णोदेवी पदयात्रा



निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** जय मां वैष्णोदेवी सेवा समिति सांगानेर की ओर से 30वीं विशाल वैष्णोदेवी पदयात्रा का आयोजन 21 मई 2026 से किया जाएगा। 28 दिवसीय यह पदयात्रा जयपुर से वैष्णोधाम कटरा तक निकाली जाएगी। समिति के संस्थापक नारायण राजोरिया ने बताया कि पदयात्रा का शुभारंभ गुरुवार 21 मई को सुबह 11:15 बजे मोती डूंगरी गणेश मंदिर से पूजा-अर्चना के साथ किया जाएगा। इस पदयात्रा के पोस्टर का विमोचन बुधवार को भाजपा प्रदेश प्रवक्ता डॉ मनीषा सिंह, फैशन डिजाइनर हंसा राठौड़ (श्रीपा) और एडवोकेट दिनेश कुमावत ने किया। इस अवसर पर समिति के संरक्षक गोपाल माली, संस्थापक नारायण लाल राजोरिया, कमल डोरवाल नौरतन कुमावत सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे। संस्थापक नारायण राजोरिया ने बताया कि पूरी 28 दिवसीय पदयात्रा के दौरान रामधुनी का आयोजन लगातार किया जाएगा। इसके साथ ही पदयात्रियों के लिए नाश्ता, पानी और भोजन की व्यवस्था समिति की ओर से नि:शुल्क उपलब्ध कराई जाएगी। हर वर्ष की तरह इस बार भी बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पदयात्रा में शामिल होने की संभावना है, जिसके लिए समिति ने व्यापक तैयारियां शुरू कर दी हैं।

# सूने मकान में चोरों ने किया हाथ साफ

निसं



**खेतड़ी नगर ( नवयत्न )।** गोठड़ा ग्राम पंचायत की बैंक कॉलोनी में अज्ञात चोरों ने सूने मकान को निशाना बनाकर नकदी व जेवरातों पर हाथ साफ कर दिया। पड़ोसियों ने घर के बाहर का गेट खुला देखा तो चोरी की पता चला। मकान मालिक सुभाष टेलर ने बताया कि 22 अप्रैल को पत्नी को दिखाने के लिए जयपुर गया था, वहां से अपने बड़े बेटे मनोज के पास उदयपुर चला गया। मकान की देखरेख के लिए पड़ोसी को चाबी देकर गया था। इसी दौरान अज्ञात चोरों ने घर के ताले तोड़कर अंदर घुस कर घर में रखे कीमती सामान, जेवरात और नकदी लेकर फरार हो गए। सुभाष टेलर ने बताया कि मंगलवार सुबह करीब सात बजे पड़ोसियों ने फोन पर सूचना दी कि घर के बाहर का गेट का ताला टूटा हुआ है, सामान बिखरा हुआ है, इसकी सूचना छोटे भाई सीताराम टेलर को दी, छोटा भाई घर पर आकर देखा तो घर के बाहर लगा हुआ ताले का कुंदा उखड़ा हुआ था, अंदर जाकर देखा तो दो कमरे के ताले टूटे हुए मिले, तीन अलमारी भी टूटी हुई थी जिनके अंदर से लॉकर भी टूटे हुए मिले, घर का सारा सामान बिखरा हुआ था, छोटे भाई ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंच कर मौका मुआयना किया। मंगलवार देर रात्री को घर पहुंच कर देखा तो सारा सामान बिखरा हुआ पड़ा था, घर में रखे सामान की जांच की तो घर से एक सोने का मंगलसुत्र, सोने की एक अंगुठी, सोने की दो झुमकी, चांदी की पाजेब जोड़ी नौ, चांदी की चैन लॉकेट के साथ, चांदी की छड़, चांदी की स्याऊ, राडो कंपनी की घड़ी, गुल्लक तोड़कर करीब 15 हजार रूपए, अलमारी से करीब तीस हजार रूपए नकदी चुरा ले गए। चोर घटना स्थल पर एक स्क्रू ड्राइवर व हेलमेट छोड़ गए। घटना की सूचना पर खेतड़ी नगर पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। थानाधिकारी राकेश कुमार ने बताया कि गोठड़ा निवासी सुभाष टेलर ने अज्ञात चारों के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज करवाया है, चोरी की रिपोर्ट के आधार पर एमओबी टीम को बुलाकर साक्ष्य जुटाएं गए है, साथ ही आसपास के लोगों से पूछताछ शुरू कर दी है और संदिग्ध लोगों के बारे में जानकारी जुटाई जा रही। इसके अलावा पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाल रही है ताकि चोरों का सुराग मिल सके। सुभाष टेलर ने बताया कि घर में गाड़ी व स्कूटी की चांबी भी रखी हुई थी, लेपटॉप, तीन मोबाईल व प्रिंटर्स भी रखा हुऐ थे जिनको लेकर नहीं गए। उन्होंने बताया कि लोन के अंदर हेलमेट मिला जिस पर चॉक से नंबर लिखे हुए थे,, कमरे के अंदर स्क्रु ड्राइवर मिला।

## दुपहिया वाहन चुराने वाला गिरफ्तार

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** कालवाड़ थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दुपहिया वाहन चुराने वाले एक वाहन चोर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी की मोटरसाइकिल बरामद की है। फिलहाल आरोपित से पूछताछ की जा रही है। पुलिस उपायुक्त पश्चिम प्रशांत किरण ने बताया कि कालवाड़ थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दुपहिया वाहन चुराने वाले एक वाहन चोर मोहित चौधरी निवासी बगरू को गिरफ्तार कर उसके पास से चोरी का एक दुपहिया वाहन बाइक बरामद की है। पुलिस आरोपित से अन्य वारदातों के संबंध में भी गहन पूछताछ की जा रही है। इस गिरफ्तारी से वाहन चोरी के अन्य मामलों का खुलासा होने की भी संभावना है। इस कार्रवाई में थानाधिकारी सुरेश सिंह के साथ टीम के सदस्य हेड कांस्टेबल कजोड़मल, हेड कांस्टेबल हरचंद और कांस्टेबल मांगीलाल की भूमिका सराहनीय रही।

# शिक्षा संकुल पर विरोध प्रदर्शन आज

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** आरटीई के तहत सत्र 2026-27 में चयनित करीब 1.90 लाख बच्चों को 50 दिन बीत जाने के बावजूद अब तक न तो विद्यालयों में प्रवेश मिला है और न ही उन्हें उनका शिक्षा का अधिकार प्राप्त हो सका है, जिससे प्रदेशभर के अभिभावकों में भारी आक्रोश व्याप्त है। राज्य सरकार एवं शिक्षा विभाग की उदासीनता तथा निजी विद्यालयों की मनमानी के विरोध में गुरुवार को सुबह 11 बजे संयुक्त अभिभावक संघ के तत्वावधान में जयपुर के जेएलएन मार्ग स्थित शिक्षा संकुल के मुख्य द्वार पर बड़ा विरोध प्रदर्शन आयोजित किया जाएगा। इस प्रदर्शन में बड़ी संख्या में पीड़ित अभिभावक एवं पात्र विद्यार्थी शामिल होंगे।

प्रदेश प्रवक्ता अभिषेक जैन बिट्टू ने बताया कि चयन प्रक्रिया पूरी होने के लगभग 50 दिन बाद भी प्रवेश नहीं मिलना न केवल बच्चों के शिक्षा अधिकार का हनन है बल्कि यह देश के संविधान का भी स्पष्ट उल्लंघन है। पिछले 50 दिनों से प्रदेशभर के अभिभावक लगातार परेशान हो रहे हैं और जिम्मेदार अधिकारियों को कई बार शिकायतें दर्ज करवा चुके हैं। यहां तक कि शिक्षा मंत्री मदन दिलावर तक भी अपनी बात पहुंचाई जा चुकी है, इसके बावजूद कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है।

उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार और प्रशासन की निष्क्रियता के चलते निजी स्कूलों की मनमानी लगातार बढ़ रही है। कई विद्यालय स्पष्ट रूप से प्रवेश देने से इंकार कर रहे हैं जबकि कुछ स्कूल संचालक प्रवेश के बदले अवैध रूप से फीस मांगकर अभिभावकों को प्रताड़ित कर रहे हैं और विद्यार्थियों को शिक्षा से वंचित कर रहे हैं। इन्हीं मनमानियों के विरोध में अभिभावक एवं विद्यार्थी गुरुवार को सड़कों पर उतरने को मजबूर हुए हैं।

यदि इसके बाद भी समस्या का समाधान नहीं हुआ, तो शिक्षा संकुल पर आमरण अनशन शुरू किया जाएगा।

# पौधरोपण कर अमीन पठान का मनाया जन्मदिवस



निसं

**खेतड़ी नगर ( नवयत्न )।** कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने बुधवार को केसीसी के हाथी पार्क के पास पौधरोपण कर अमीन पठान का जन्म दिन मनाया। राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी खेल प्रकोष्ठ के प्रदेश महासचिव और कोटपुतली बहरोड़ जिला प्रभारी शीशराम गुर्जर ने बताया कि गुरूवार को प्रदेश कांग्रेस कमेटी खेल प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष अमीन पठान का जन्म दिवस है, कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पठान के जन्म दिवस को लेकर तीन दिवसीय केसीसी टाउनशीप में सौ पौधे लगाने का संकल्प लिया है। इसी के तहत बुधवार को हाथी पार्क के पास पौधरोपण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस मौके पर धर्मवीर गुर्जर, अमन सैनी, इंजी. नरेंद्र सिंह, अजय चनेजा, मोनू, धर्मेंद्र सिंह, बलबीर सिंह, हरीश, रामनरेश आदि कार्यकर्ताओं ने पौधरोपण कर सार संभाल की जिम्मेदारी ली।

# प्रतिभा सम्मान समारोह 11 को

**राजलदेसर ( नवयत्न )।** राजलदेसर युवा विकास समिति के तत्वावधान में आगामी 11 मई को सायं 5 बजे प्रतिभा सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम बाजोरिया सत्संग हॉल, श्री राजलदेसर गौशाला में आयोजित होगा। समिति के अध्यक्ष मुकेश श्रीमाल एवं सहमंत्री शिवभगवान सोनी ने जानकारी देते हुए बताया कि इस समारोह में कक्षा 10वीं एवं 12वीं बोर्ड परीक्षाओं में 80 प्रतिशत या उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता समाजसेविका पुष्पा देवी चिडालिया करेगी। वहीं मुख्य अतिथि के रूप में संदीप व्यास मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी रतनगढ़ उपस्थित रहेंगे।

# 4 नम्बर विद्यालय को शांति देवी विद्यालय में मर्ज करने का विरोध

निसं



**तारानगर ( नवयत्न )।** कस्बे के वार्ड 18 में गोगामेड़ी के पास स्थित राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय नंबर 4 को शान्ति देवी कंदोई बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय में मर्ज करने के विरोध में बुधवार को विद्यालय के विद्यार्थियों व उनके अभिभावकों ने विद्यालय के आगे विरोध-प्रदर्शन किया। विरोध-प्रदर्शन के बाद विद्यार्थियों व उनके अभिभावकों ने एसडीएम राजेन्द्र कुमार व सीबीईओ बबलेश शर्मा को ज्ञापन देकर विद्यालय यथावत रखने की मांग की। कांग्रेस नेता हरिसिंह बेनीवाल ने बताया कि कस्बे के वार्ड 18 में स्थित राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय नंबर 4 काफी सालों से यहीं चल रहा है। विद्यालय में कुल 106 विद्यार्थी अध्ययनरत है जिसमें अधिकतर विद्यार्थी गरीब व अनुसूचित जाति समाज से है और वे इसी विद्यालय के आस-पास के क्षेत्र से आते है। सरकार की ओर से इस 4 नंबर विद्यालय का कस्बे के शान्ति देवी कंदोई बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय में विलय कर दिया गया है। कांग्रेस नेता मानसिंह सैनी ने बताया कि शान्ति देवी विद्यालय की दूरी इस विद्यालय से करीब 2-3 किलोमीटर है जिससे इस विद्यालय में पढ़ने वाले छोटे-छोटे विद्यार्थियों को पैदल विद्यालय जाना पड़ेगा जिससे इनको काफी परेशानी होगी। घर से विद्यालय की दूरी अधिक होने के कारण अनेक अभिभावक अपने बच्चों को विद्यालय नहीं भेज पाएंगे। अभिभावकों ने विद्यार्थियों की परेशानी को देखते हुए विद्यालय को यथावत संचालित रखने की मांग की। अभिभावकों ने चेतावनी दी कि यदि विद्यालय को यथावत नहीं रखा गया तो वे अपने बच्चों का इस सरकारी विद्यालय से नाम कटवा लेंगे इसकी समस्त जिम्मेदारी सरकार व प्रशासन की होगी। इस मौके पर कांग्रेस नेता हरिसिंह बेनीवाल, कांग्रेस नेता मानसिंह सैनी, प्रकाश सांसी, गंगाराम रैगर, लालचंद शर्मा, पूर्णाराम रेगर, प्रभुदयाल, राजकुमार, कुरड़ाराम, बीरबल सांसी, श्यामलाल रैगर, पूर्णमल, सुमन, रमेश, सीताराम, विक्रम, हंसराज, मनोज प्रजापत, संदीप, मनीष, लालचंद, पंकज, विनोद, मुकेश, राजू सहित अनेक अभिभावक व लोग मौजूद रहे।

# सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए की भगवान से अरदास

निसं

**श्सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** सालासर रोड स्थित लोढ़सर और आसपास क्षेत्र में बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए बुधवार को लोढ़सर में तेजाजी मंदिर के पास ग्रामीणों की ओर से पाठ और हवन का आयोजन किया गया। इस दौरान पंडित विकास दाधीच, पंडित राजेंद्र



दाधीच, पंडित हरिप्रसाद दाधीच, पंडित गोपाल बोरायड़ा, पंडित रवि सारस्वत ने पाठ पूजा हवन मंत्रोचरण किया। कार्यक्रम में मिस्त्री बोदूराम गोदारा, टीम हारे का सहारा संयोजक श्याम स्वर्णकार, नवरत्न बिजारणिया, निवर्तमान पार्षद हरिओम खोड़, बजरंग भाकर, संदीप हुड्डा, जितेन्द्र जांगिड़, ओमप्रकाश कुमावत, रामचंद्र कुमावत, भंवर कुमावत, विनोद कुमार, शंकर बुरड़क, दीपक शर्मा, मनोज मेघवाल, हीरालाल, बुलाराम कुमावत आदि ग्रामीण मौजूद रहे।

## सम्पादकीय

# ममता का हठ



पश्चिम बंगाल में खुद अपना भी चुनाव हारने के साथ ही बुरी पराजय का सामना करने के बाद ममता बनर्जी का यह कहना राजनीतिक हठधर्मी ही है कि वे मुख्यमंत्री पद से त्यागपत्र नहीं देंगी। ऐसा कहकर वे अपनी अलोकतांत्रिक मानसिकता का परिचय देने के साथ ही अपने उस अराजक राजनीतिक व्यवहार को भी रेखांकित कर रही हैं, जिसके चलते उनकी पार्टी को सत्ता से बाहर होना पड़ा।

वे इसकी जानबूझकर अनदेखी कर रही हैं कि उनके साथ-साथ पराजय का सामना करने वाले तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने अपनी हार सहजता से स्वीकार कर ली और केरलम के मुख्यमंत्री पिनराई विजयन ने तो ऐसा करने के साथ ही अपने पद से इस्तीफा भी दे दिया। लोकतंत्र में ऐसा ही होना चाहिए, लेकिन ममता बनर्जी एक तरह से बालहठ ही नहीं दिखा रही हैं, बल्कि राजनीतिक अपरिपक्वता का भी परिचय दे रही हैं। राजनीति का लंबा अनुभव रखने वाली ममता बनर्जी इससे अनभिज्ञ नहीं हो सकतीं कि यदि वे इस्तीफा नहीं देतीं तो राज्यपाल उन्हें बर्खास्त कर सकते हैं या फिर राज्य में राष्ट्रपति शासन लागू करने की सिफारिश कर सकते हैं। यदि उनके हठ के कारण इसकी नौबत आई तो इससे उनकी फजीहत ही होगी। रह-रहकर संविधान की दुहाई देने वाली ममता बनर्जी जिस तरह इस्तीफा देने से मना कर रही हैं, उसकी मिसाल मिलना कठिन है।

इस्तीफा न देने की जिद करके ममता बनर्जी अपने समर्थकों को यह संदेश देने की नाकाम कोशिश कर रही हैं कि उनके साथ अन्याय हुआ है, लेकिन इस तरह से वे न तो लोगों की सहानुभूति अर्जित कर सकती हैं और न ही अपने खोए हुए जनाधार को वापस पा सकती हैं। उन्हें यह पता होना चाहिए कि लोग सब कुछ तो भूल जाते हैं, लेकिन किसी का अहंकार आसानी से नहीं भूलते।

यदि ममता बनर्जी अपनी खोए हुए जनाधार को फिर से पाना चाहती हैं तो उन्हें जनादेश को विनम्रता से स्वीकार करना चाहिए। उनका तर्क है कि वे हारी नहीं, बल्कि उन्हें हराया गया है। साफ है कि वे यह समझने-मानने को तैयार नहीं कि उनकी पराजय का कारण उनका कुशासन और उसके चलते जनता की उनसे गहरी नाराजगी रही। यह बताने की जरूरत नहीं कि तृणमूल कांग्रेस कोई 10-15 सीटों के अंतर से बहुमत से दूर नहीं रही। वह 294 सीटों वाली विधानसभा में सौ सीटों तक भी नहीं पहुंच सकी।

ममता बनर्जी खुद को हराए जाने का आरोप उछाल कर वही लाइन ले रही हैं, जो राहुल गांधी ने एक लंबे समय से पकड़ रखी है और जिसके तहत चुनाव की चोरी का राग अलापते रहते हैं। गत दिवस उन्होंने यही राग अलापते हुए कहा कि असम और बंगाल में भाजपा ने चुनाव आयोग के समर्थन से चुनाव की चोरी की। प्रश्न यह है कि आखिर केरलम के बारे में उनकी क्या राय है, जहां कांग्रेस के नेतृत्व वाले गठबंधन ने जीत हासिल की है?

## विशेष आलेख

# बंगाल विजय : संघ की जमीनी साधना शांति से शक्ति तक

पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की ऐतिहासिक, अद्भुत, अविस्मरणीय एवं करिश्माई जीत के पीछे राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (संघ) की बहुत बड़ी भूमिका रही है। निश्चिततौर पर इस शानदार जीत के लिये प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं गृहमंत्री अमित शाह मुख्य भूमिका में हैं। लेकिन बंगाल में ममता बनर्जी की मजबूत चुनौती के सामने भाजपा की जीत के लिए संघ लंबे समय से मेहनत कर रही थी और उसकी वह मेहनत ही जीत का सशक्त माध्यम बनी है। पश्चिम बंगाल में लगातार चल रही हिन्दू विरोधी गतिविधियों एवं मुसलमानों के बढ़ते वर्चस्व को देखते हुए संघ ने इस चुनाव के मद्देनजर बहुत पहले से ही कमर कस ली थी, संघ ने पश्चिम बंगाल में 1.75 लाख से अधिक छोटी-बड़ी बैठकें आयोजित कीं। पिछले 15 सालों में संघ ने पश्चिम बंगाल में तेजी से विस्तार किया है और एक मजबूत 'हिंदू वोट बैंक' तैयार किया है। पश्चिम बंगाल में पिछले 15 वर्षों में संघ की शाखाओं की संख्या 900 से बढ़कर 5,000 तक पहुंच गई है। संघ के स्वयंसेवकों ने पश्चिम बंगाल में घर-घर जाकर 'बंग बचाओ' इस थीम पर 'मतदाता जागरूकता अभियान' चलाया। संघ की माइक्रो प्लानिंग ने बंगाल में भाजपा को ऐतिहासिक बढ़त दिलाई और सत्ता परिवर्तन का माध्यम बनी। पश्चिम बंगाल चुनाव भाजपा के लिए एक ऐतिहासिक 'मील का पत्थर' और ऐतिहासिक सफलता साबित हुआ। पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के नतीजों ने एक बार फिर यह साबित कर दिया कि राजनीति केवल बड़े मंचों, विशाल रैलियों और जोरदार नारों से तय नहीं होती। कई बार असली लड़ाई उन स्तरों पर लड़ी जाती है, जहां न कैमरे पहुंचते हैं और न ही जमीनी प्रयास सुर्खियां बनती हैं। इस बार के चुनाव में एक ऐसी ही खामोश रणनीति कारगर साबित हुई है। जहां एक ओर ममता बनर्जी और उनकी पार्टी तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) का आक्रामक चुनाव प्रचार केंद्र में रहा, वहीं दूसरी ओर संघ से जुड़े कार्यकर्ताओं ने अपेक्षाकृत शांत रहकर 'नि:शब्द विप्लव' या 'मूक क्रांति' को अंजाम देते हुए जमीनी स्तर पर अपनी पकड़ मजबूत करने पर ध्यान दिया। बंगाल की अस्मिता, विकास और सांस्कृतिक पहचान जैसे मुद्दों को आधार बनाकर जनजागरण अभियान चलाया गया। इस दौरान महिला, युवा, प्रबुद्ध वर्ग, किसान, श्रमिक और अनुसूचित जाति-जनजाति समुदायों तक अलग-अलग तरीकों से पहुंचने की कोशिश की गई।



निश्चिततौर पर पश्चिम बंगाल की राजनीति ने वर्ष 2026 में जो ऐतिहासिक करवट ली, वह केवल सत्ता परिवर्तन की घटना नहीं है, बल्कि एक गहरे सामाजिक, सांस्कृतिक और वैचारिक परिवर्तन का संकेत भी है। लंबे समय तक वामपंथी प्रभाव और उसके बाद ममता बनर्जी के नेतृत्व में ऑल इंडिया तृणमूल कांग्रेस का वर्चस्व रहा, लेकिन इस बार जनमत ने जिस प्रकार से भाजपा के पक्ष में निर्णायक रूप से झुकाव दिखाया, उसने स्थापित राजनीतिक धारणाओं को चुनौती दी है। इस परिवर्तन के मूल में जो शक्ति को सबसे अधिक महत्वपूर्ण मानी रही है तो वह है राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, जिसने एक अदृश्य लेकिन अत्यंत प्रभावशाली भूमिका निभाई है। यह विजय केवल चुनावी रणनीतियों का परिणाम नहीं, बल्कि वर्षों से चल रहे संगठनात्मक परिश्रम, वैचारिक विस्तार और समाज के भीतर गहराई तक किए गए संवाद का परिणाम है। पश्चिम बंगाल में संघ का विस्तार किसी तात्कालिक राजनीतिक उद्देश्य से प्रेरित नहीं था, बल्कि यह एक दीर्घकालिक सामाजिक दृष्टि का हिस्सा था। पिछले डेढ़ दशक में संघ ने प्रांत में जिस प्रकार अपनी शाखाओं का विस्तार किया और समाज के विभिन्न वर्गों तक अपनी पहुंच बनाई, उसने एक मजबूत वैचारिक आधार तैयार किया। यह कार्य किसी प्रचार की तरह नहीं, बल्कि एक शांत सामाजिक प्रक्रिया एवं क्रांति की तरह हुआ, जिसने धीरे-धीरे जनमानस को प्रभावित किया। यही कारण है कि जब चुनाव का समय आया, तो एक पहले से तैयार मानसिकता भाजपा के पक्ष में खड़ी दिखाई दी। इस पूरे परिदृश्य में सरसंघचालक मोहन भागवत की रणनीतिक दृष्टि को भी विशेष रूप से रेखांकित किया जाना चाहिए। उन्होंने बंगाल को केवल एक राजनीतिक इकाई के रूप में नहीं, बल्कि एक सांस्कृतिक भूमि के रूप में देखा, भारत की अस्मिता के रूप में देखा। जिसकी अपनी विशिष्ट पहचान और परंपराएं हैं। संघ के प्रयासों में यह स्पष्ट दिखाई देता है कि उसने बंगाल की सांस्कृतिक चेतना को समझने और उससे जुड़ने का प्रयास किया। दुर्गा पूजा, काली पूजा और रामनवमी जैसे पर्वों को सामाजिक एकता और सांस्कृतिक गौरव के प्रतीक के रूप में प्रस्तुत किया गया, जिससे एक व्यापक सामाजिक जुड़ाव स्थापित हुआ। इस प्रक्रिया में हिंदुत्व को किसी बाहरी विचारधारा के रूप में नहीं, बल्कि बंगाल की सांस्कृतिक आत्मा के एक स्वाभाविक विस्तार के रूप में प्रस्तुत किया गया। लंबे समय तक यह धारणा बनी रही कि बंगाली अस्मिता और हिंदुत्व परस्पर विरोधी हैं, लेकिन इस चुनाव में यह धारणा काफी हद तक टूटती हुई दिखाई दी। जय श्री राम के साथ जय मां काली और जय मां दुर्गा जैसे नारों का समन्वय केवल राजनीतिक नारा नहीं था, बल्कि एक सांस्कृतिक संदेश था, जिसने यह स्थापित किया कि क्षेत्रीय पहचान और व्यापक सांस्कृतिक विचारधारा के बीच कोई टकराव नहीं है। इस समन्वय ने मतदाताओं के भीतर एक नई प्रकार की आत्मजागरूकता उत्पन्न की, जहां वे केवल विकास या योजनाओं के आधार पर नहीं, बल्कि अपनी पहचान, सुरक्षा और सांस्कृतिक गौरव के आधार पर भी निर्णय लेने लगे। चुनाव के दौरान जिस प्रकार से 'अस्तित्व' एवं 'अस्मिता' का विमर्श उभरा, उसने इस पूरे राजनीतिक परिदृश्य को एक नई दिशा दी। संघ और भाजपा ने इसे केवल एक चुनावी मुकाबले के रूप में प्रस्तुत नहीं किया, बल्कि एक वैचारिक संघर्ष के रूप में स्थापित किया, जिसमें पहचान और सम्मान के प्रश्न प्रमुख हो गए। ऑल इंडिया तृणमूल कांग्रेस पर लगाए गए तुष्टिकरण के आरोपों ने इस विमर्श को और तीव्र किया, जिससे मतदाताओं के बीच एक स्पष्ट ध्रुवीकरण देखने को मिला। इस पूरे प्रक्रिया में संघ ने जमीनी स्तर पर संवाद स्थापित कर इस विचार को सामाजिक स्वीकृति दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। संगठनात्मक दृष्टि से भी यह चुनाव एक उदाहरण प्रस्तुत करता है कि किस प्रकार मजबूत जमीनी ढांचा चुनावी सफलता का आधार बन सकता है। बूथ स्तर तक सक्रियता, कार्यकर्ताओं के बीच समन्वय, गुटबाजी पर नियंत्रण और नए-पुराने कार्यकर्ताओं का एकीकरण-इन सभी पहलुओं में संघ की भूमिका महत्वपूर्ण रही। यह केवल एक राजनीतिक दल का प्रयास नहीं था, बल्कि एक व्यापक संगठनात्मक सहयोग का परिणाम था, जिसने भाजपा को एक सशक्त चुनावी शक्ति के रूप में स्थापित किया।

## स्वास्थ्य समाचार

# कैंसर का खतरा कम करती हैं अमरूद की पत्तियां

सीजनल फल और सब्जियां हेल्थ के लिए बहुत अच्छे होते हैं। गर्मियो का मौसम आ रहा है। इस मौसम में अमरूद खूब खाए जाते हैं। अमरूद हेल्थ के लिए काफी अच्छा होता है। इसमे विटामिन सी, ऐंटीऑक्सीडेट्स, पोटैशियम, फाइबर्स होते हैं। यह खाने में भी काफी टेस्टी होता है। हालांकि कम लोग जानते हैं कि अमरूद की पत्ती भी इसकी तरह गुणकारी होती है। लोग इसकी पत्ती की चाय बनाकर पीते हैं। कुछ लोग पत्तियों को सुखाकर इसका पाउडर भी पानी के साथ लेते हैं।



### ब्लड शुगर करता है लो

अमरूद की पत्ती की चाय पीने से खाने के बाद ब्लड शुगर लेवल कम होता है। यह असर दो घंटे तक रहता है। वहीं एक और स्टडी में सामने आया कि टाइप 2 डायबीटीज के मरीजों को जब अमरूद की पत्ती की चाय पिलाई गई तो खाने के बाद उनका ब्लड शुगर 10 फीसदी से ज्यादा काम हुआ।

### पीरियड पेन में फायदेमंद

अगर पीरियड पेन की समस्या है तो अमरूद की पत्तियां काम आ सकती हैं। अमरूद की पत्ती का एक्सट्रैक्ट मेंस्ट्रुअल पेन में आराम देता है। एक स्टडी के मुताबिक, इसका असर पेन किलर से ज्यादा होता है।

### डायरिया में करती है फायदा

अमरूद की पत्ती दस्त में भी फायदेमंद होती है। अगर आपको डायरिया है तो पत्ती का अर्क ले सकते हैं। इससे दस्त जल्दी ठीक होंगे। कई स्टडीज में पता चला है कि अमरूद की पत्ती ऐंटी माइक्रोबियल होती है। यह आपकी आंत में मौजूद नुकसान पहुंचाने वाले माइक्रोब्स को खत्म करती है।

### ऐंटी कैंसर गुण

अमरूद की पत्ती को ऐंटी कैंसर भी माना जाता है। कुछ टेस्ट-ट्यूब्स स्टडी में यह बात सामने आई है कि अमरूद की पत्तियां कैंसर सेल्स की ग्रोथ को रोकती हैं। इसमें पावरफुल ऐंटी ऑक्सीडेंट्स होत हैं जो कि सेल डैमेज को रोककर इन्हें कैंसरस होने से रोकते भी हैं।

### इम्यूनिटी करे दुरुस्त

अमरूद की तरह इसकी पत्ती में भी विटामिन सी होता है। यह विटामिन इम्यूनिटी मजबूत रखता है। पत्तियां ऐंटी माइक्रोबियल होती हैं तो इन्फेक्शंस से भी बचाव करती हैं।

### पीएं चाय या लें पाउडर

अमरूद की पत्ती को सुखाकर पानी में उबालकर और शहद मिलाकर चाय के रूप में पी सकते हैं। वहीं आप पत्ती का पाउडर बनाकर रख सकते हैं। इसे आप सलाद, सूप वगैरह में मिला सकते हैं।

# घंटो मोबाइल और लैपटॉप के इस्तेमाल से आखों और स्किन पर पड़ता है बुरा असर, इन तरीकों से रेडिएशन के असर को करें कम

आज के दौर में शायद ही कोई ऐसा हो जो मोबाइल और लैपटॉप आदि का इस्तेमाल नहीं करता हो। हर व्यक्ति मोबाइल और लैपटॉप आदि का जमकर इस्तेमाल करता है। लेकिन इनके ज्यादा इस्तेमाल से आखों को कई तरह का नुकसान पहुंचता है। न सिर्फ आपकी आखें बल्कि इससे आपकी सेहत भी प्रभावित होती है। मोबाइल और लैपटॉप से निकलने वाली खतरनाक रेडिएशन आपकी स्किन के लिए भी नुकसानदायक साबित हो रही है। नेशनल लाइब्रेरी ऑफ मेडिसीन के शोध में सामने आया है कि लैपटॉप और मोबाइल फोन के लगातार इस्तेमाल से स्किन को काफी नुकसान पहुंच सकता है। रेडिएशन के कारण चेहरे पर पिंगमेंटेशन, रिंकल्स आने के अलावा स्पॉट भी आने लगते हैं।



### खूब पीना चाहिए पानी

लैपटॉप और मोबाइल फोन से निकलने वाली रेडिएशन हमारी आखों और सेहत को नुकसान पहुंचाती हैं। जिसके कारण चेहरे पर डार्क सर्कल्स, रैशेज और पिगमेंटेशन आदि की समस्याएं देखने को मिलती हैं। इससे बचने के लिए आप अपने शरीर और स्किन जितना ज्यादा हाइड्रेट रखेंगे। रेडिएशन का असर उतना ही कम होगा। इसके लिए आपको ज्यादा से ज्यादा पानी पीना चाहिए।

### रिफ्लेक्टर शील्ड

अक्सर घंटों तक बैठकर आपको लैपटॉप पर काम करना पड़ता है। इस दौरान आप रिफ्लेक्टर शील्ड का इस्तेमाल कर सकते हैं। यह लैपटॉप से निकलने वाली रेडिएशन को कम करता है। बता दें कि रिफ्लेक्टर शील्ड लैपटॉप और स्किन के बीच एक बैरियर की तरह काम करती है। जो आपको इसके रेडिएशन और हीट के सीधे असर से बचाएगी।

### बार-बार धोएं चेहरा

अगर आपको भी लंबे समय तक काम के कारण फोन या लैपटॉप का इस्तेमाल करना पड़ता है तो यह आपकी सेहत और आखों को नुकसान पहुंचाता है। इसके लिए आप हर एक या दो घंटे में अपना चेहरा धोते रहें। इससे रेडिएशन के असर को कम किया जा सकता है।

### ब्लू लाइट फल्टिर

आपके और लैपटॉप के बीच में ब्लू लाइट फल्टिर एक शील्ड बनाता है। साथ ही यह लैपटॉप से निकलने वाली ब्लू लाइट के नुकसान को भी कम करने का काम करता है। इसके इस्तेमाल से आपके चेहरे पर इसका नकारात्मक असर कम करने में मदद मिलती है।

### लैपटॉप और मोबाइल से दूरी

लैपटॉप और मोबाइल से निकलने वाली रेडिएसन से बचाव के लिए आप लैपटॉप को शरीर से चिपका कर काम न करें। ऐसा करने से यह आपको तेजी से नुकसान पहुंचा सकता है। लैपटॉप आदि पर काम करने के लिए आप टेबल-चेयर का इस्तेमाल कर सकते हैं। इससे लैपटॉप या फोन से निकलने वाली रेडिएशन का असर कम होगा।

### एंटी-ऑक्सीडेंट

एंटी-ऑक्सीडेंट फूड्स का सेवन स्किन पर फ्री रेडिकल्स के असर को रोकने का काम करती है। साथ ही यह आपकी स्किन को भी हील करने का काम करता है। इसलिए आपको अपनी डाइट में एंटी-ऑक्सीडेंट फूड्स जरूर शामिल करना चाहिए। यह स्किन पर रेडिएशन का प्रभाव कम करता है। आप फल और सलाद आदि का भरपूर मात्रा में सेवन कर इसके प्रभाव को कम कर सकते हैं।

# ज्यादातर प्रॉसेस्ड फूड्स में होते हैं यह खतरनाक केमिकल्स, हार्मोन्स को करते हैं प्रभावित

प्रोसेस्ड फूड्स का अधिक सेवन सेहत के लिए नुकसानदायक माना जाता है। ऐसा इसलिए क्योंकि इनमें कई हानिकारक केमिकल्स और प्रिजर्वेटिव्स डालें जाते हैं, जिससे कि इन्हें लंबे समय खराब होने से बचाया जा सके। साथ ही चीनी, तेल, नमक और मसाले आदि का प्रयोग भी काफी किया जाता है। चिप्स, डिब्बाबंद और पैकेज्ड फूड आदि कई तरह से स्वास्थ्य को प्रभावित करते हैं। लंबे समय तक इनके सेवन करने से मोटापा, हृदय रोग, हाई कोलेस्ट्रॉल, ब्लड प्रेशर और डायबिटीज आदि जैसे गंभीर रोगों का कारण बन सकता है। लेकिन क्या आप जानते हैं, महिलाओं को इन प्रोसेस्ड फूड्स के सेवन सख्त परहेज करना चाहिए, क्योंकि इनके अधिक सेवन से हार्मोनल संतुलन की समस्या देखने को मिल सकती है।

महिलाओं को पीरियड्स के दौरान गंभीर ऐंठन, असामान्य ब्लड फ्लो, पीसीओएस या पीसीओडी, इन्फर्टिलिटी, मूड में परिवर्तन, चिंता और तनाव जैसी समस्याएं देखने को मिल सकती हैं। इसलिए महिलाओं को इनसे सेवन से सख्त परहेज करना चाहिए या सीमित मात्रा में ही इनका सेवन करना चाहिए।



**ब्यूटिलेटेड हाइड्रॉक्सी टोलुइन :** इस केमिकल का प्रयोग फूड्स को लंबे समय तक ताजा बनाए रखने के लिए किया जाता है। यह किडनी और लिवर को नुकसान पहुंचाता है, हार्मोन्स के संतुलन को बिगाड़ता है, साथ ही कैंसर जैसे गंभीर रोगों के जोखिम को बढ़ाता है।

**ब्यूटाइल हाइड्रोक्विनोन :** इस केमिकल फ्राइड फूड्स में अधिक प्रयोग किया जाता है। यह तले हुए फूड्स में तेल और फैट को खराब होने से बचाता है। यह आंत के बैक्टीरिया में गड़बड़ का कारण बन सकता है, साथ ही इम्यून सिस्टम प्रतिक्रिया को भी प्रभावित कर सकता है।

**कैल्शियम सल्फेट :** यह एक एंटी-कैकिंग एजेंट है, जिसका प्रयोग बेकरी आइटम्स को बनाने के लिए काफी प्रयोग किया जाता है। यह कैल्शियम की मात्रा को बढ़ाता है और हड्डियों में कैल्सीफिकेशन का कारण बन सकता है। यह किडनी फंक्शन को भी प्रभावित करता है।

**हाई फ्रूक्टोज कॉर्न सिरप :** यह हानिकारक शुगर का एक प्रकार है। यह बॉडी फंक्शन को प्रभावित करती है, साथ ही शरीर में फैट्स के रूप में स्टोर होता है। यह डायबिटीज रोगियों में ब्लड शुगर लेवल को बढ़ाने का कम करती है। इसके अलावा यह हृदय रोग और कैंसर जैसे रोगों के जोखिम को बढ़ाने में मदद करती है।

**सोडियम नाइट्रेट :** इसका प्रयोग रेस्टोरेंट्स में फूड्स के फ्लेवर्स को बढ़ाने के लिए किया जाता है। चिप्स, कैन वाले फूड्स या ड्रिंक्स, नूडल्स आदि में इसका काफी प्रयोग किया जाता है। यह भूख बढ़ाता है और सिरदर्द, थकान, पेट में परेशानी जैसी समस्याओं का कारण बनता है। इसके कारण हार्ट रेट बढ़ने और सांस लेने में तकलीफ की समस्या भी हो सकती है।

## आज का राशिफल

### मेष

किसी भी निर्णय को लेने में जल्दबाजी न करें। भ्रम की स्थिति बन सकती है। लेन-देन में सावधानी रखें। थकान व कमजोरी महसूस होगी। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे। अप्रत्याशित लाभ हो सकता है। कारोबार में मनोनुकूल लाभ होगा।

### वृष

अप्रत्याशित खर्च सामने आएंगे। कर्ज लेना पड़ सकता है। मस्तिष्क पीड़ा हो सकती है। घर-बाहर सहयोग प्राप्त होगा। भेंट व उपहार की प्राप्ति संभव है। बेरोजगारी दूर होगी। अचानक कहीं से लाभ के आसार नजर आ सकते हैं। किसी बड़ी समस्या से निजात मिलेगी।

### मिथुन

जल्दबाजी में कोई काम न करें। पुराना रोग परेशानी का कारण बन सकता है। कोई आवश्यक वस्तु गुम हो सकती है। चिंता तथा तनाव रहेंगे। कुंआरों को वैवाहिक प्रस्ताव मिल सकता है। प्रयास सफल रहेंगे। निवेश शुभ रहेगा। नौकरी में उन्नति होगी। व्यापार लाभदायक रहेगा।

### कर्क

आंखों को चोट व रोग से बचाएं। कीमती वस्तु गुम हो सकती है। पुराना रोग उभर सकता है। दूसरों के झगड़ों में न पड़ें। हल्की हंसी-मजाक किसी से भी न करें। नकारात्मकता रहेगी। अकारण क्रोध होगा। फालतू खर्च होगा। चिंता तथा तनाव रहेंगे। बेवजह कहासुनी हो सकती है।

### सिंह

कोई पुरानी व्याधि परेशानी का कारण बनेगी। विरोधी सक्रिय रहेंगे। कोई बड़ी समस्या से सामना हो सकता है। नई योजना बनेगी। कार्यप्रणाली में सुधार होगा। किसी विशेष क्षेत्र में सामाजिक कार्य करने की इच्छा रहेगी। प्रभाव क्षेत्र में वृद्धि होगी। निवेश शुभ रहेगा।

### कन्या

व्यवसाय ठीक चलेगा। आय में कमी रह सकती है। दु:खद समाचार की प्राप्ति संभव है। व्यर्थ भागदौड़ रहेगी। काम में मन नहीं लगेगा। बेवजह विवाद की स्थिति बन सकती है। प्रयास अधिक करना पड़ेंगे। दूसरों के उकसाने में न आकर महत्वपूर्ण निर्णय स्वयं लें, लाभ होगा।

### तुला

बोलचाल में हल्के शब्दों के प्रयोग से बचें। प्रतिद्वंद्विता कम होगी। शत्रु सक्रिय रहेंगे। जीवनसाथी के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। वाहन व मशीनरी के प्रयोग में लापरवाही न करें। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। ऐसा कोई कार्य न करें जिससे बाद में पछताना पड़े। जोखिम न लें।

### वृश्चिक

बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। व्यावसायिक यात्रा मनोनुकूल लाभ देगी। लाभ के मौके बार-बार प्राप्त होंगे। विवेक का प्रयोग करें। बेकार बातों में समय नष्ट न करें। निवेश शुभ रहेगा। नौकरी में तरक्की के योग हैं। व्यापार की गति बढ़ेगी। लाभ में वृद्धि होगी। प्रमाद न करें।

### धनु

धर्म-कर्म में रुचि बढ़ेगी। कोर्ट व कचहरी के अटके कामों में अनुकूलता आएगी। व्यापार-व्यवसाय ठीक चलेगा। निवेश शुभ रहेगा। दूसरों के काम में हस्तक्षेप न करें। चोट व रोग से बचें। सेहत का ध्यान रखें। दुष्टजन हानि पहुंचा सकते हैं। लाभ में वृद्धि होगी। प्रसन्नता रहेगी।

### मकर

किसी आनंदोत्सव में भाग लेने का अवसर प्राप्त होगा। यात्रा लाभदायक रहेगी। विद्यार्थी वर्ग सफलता प्राप्त करेगा। व्यापार मनोनुकूल रहेगा। नौकरी में कार्य की प्रशंसा होगी। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। व्यस्तता के चलते स्वास्थ्य खराब हो सकता है। प्रमाद न करें।

### कुंभ

कोर्ट व कचहरी में लंबित कार्य पूरे होंगे। जीवनसाथी से सहयोग प्राप्त होगा। व्यापार-व्यवसाय मनोनुकूल रहेगा। घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी। शेयर मार्केट से लाभ होगा। नौकरी में उच्चाधिकारी प्रसन्न रहेंगे। भाग्य का साथ रहेगा। सभी काम पूर्ण होंगे। जल्दबाजी न करें।

### मीन

रोजगार में वृद्धि तथा बेरोजगारी दूर होगी। आर्थिक उन्नति के प्रयास सफल रहेंगे। संचित कोष में वृद्धि होगी। नौकरी में प्रभाव बढ़ेगा। शेयर मार्केट में सोच-समझकर निवेश करें। संपत्ति के कार्य बड़ा लाभ दे सकते हैं। झंझटों से दूर रहें। घर-बाहर प्रसन्नता बनी रहेगी।

## अस्थमा क्लिनिक का शुभारम्भ




निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** नारायणा हॉस्पिटल में विश्व अस्थमा दिवस के अवसर पर अस्थमा क्लिनिक का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर आयोजित स्वास्थ्य वार्ता में बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया और श्वसन संबंधी बीमारियों, विशेषकर अस्थमा के प्रति जागरूकता बढ़ाने पर जोर दिया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य मरीजों को समय पर जांच, सही उपचार और जीवनशैली में सुधार के जरिए बेहतर जीवन प्रदान करना रहा। कार्यक्रम के दौरान फेफड़ों की कार्यक्षमता जांच और विशेषज्ञ परामर्श निःशुल्क उपलब्ध कराया गया, जिससे कई लोगों को अपनी स्थिति के बारे में स्पष्ट जानकारी मिली। विशेषज्ञों ने अस्थमा के लक्षणों को नजरअंदाज न करने, नियमित दवा लेने और अस्थमा से होने वाले ट्रिगर्स से बचाव के महत्व को विस्तार से समझाया। इस अवसर पर डॉ शुभम शर्मा, कंसल्टेंट – पल्मोनोलॉजी, नारायणा हॉस्पिटल जयपुर ने कहा अस्थमा एक नियंत्रित की जा सकने वाली बीमारी है, बशर्ते मरीज सही समय पर पहचान और उपचार शुरू करे। नियमित जांच, इनहेलर का सही उपयोग और ट्रिगर्स से दूरी बनाए रखना बेहद जरूरी माना जाता है। इस क्लिनिक के माध्यम से मरीजों को एक समर्पित और समग्र देखभाल प्लेटफॉर्म उपलब्ध कराया जाता है, जिससे उनकी जीवन गुणवत्ता में निरंतर सुधार सुनिश्चित किया जाता है। डायरेक्टर नारायणा हॉस्पिटल बलविंदर सिंह वालिया ने कहा नारायणा हेल्थ का उद्देश्य हमेशा से गुणवत्तापूर्ण और सुलभ स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करना माना जाता है। अस्थमा क्लिनिक की शुरुआत इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम के रूप में देखी जाती है, जहां मरीजों को विशेषज्ञों की देखरेख में व्यापक उपचार और मार्गदर्शन दिया जाता है। हम समुदाय में जागरूकता बढ़ाने और बेहतर स्वास्थ्य परिणाम सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध रहते हैं। वहीं क्लीनिकल डायरेक्टर नारायणा हॉस्पिटल जयपुर डॉ प्रदीप कुमार गोयल ने कहा आज के समय में प्रदूषण, एलर्जी और बदलती जीवनशैली के कारण अस्थमा के मामलों में वृद्धि देखी जाती है। ऐसे में समर्पित क्लिनिक की आवश्यकता और भी अधिक महत्वपूर्ण हो जाती है। यहां मरीजों को व्यक्तिगत उपचार योजना, नियमित फॉलोअप और निरंतर निगरानी के माध्यम से बेहतर परिणाम प्रदान किए जाते हैं। कार्यक्रम का समापन लोगों को अस्थमा के प्रति सजग रहने और समय-समय पर स्वास्थ्य जांच कराने के संदेश के साथ किया गया।

## क्रेन से पेड़ पर जाकर बचाई चील के बच्चे की जान



निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** जीव दया की अनोखी मिशाल सुजानगढ़ में देखने को मिली है। स्थानीय गणेश मंदिर के पास स्थित जलदाय विभाग के सहायक अभियंता कार्यालय के गेट पर स्थित सफेदे के पेड़ पर बुधवार दोपहर बाद एक चील का बच्चा धागों व कपड़ों में फंस जाने के कारण उल्टा लटक गया। करीब दो घंटे तक चील का बच्चा फंसा हुआ फड़फड़ाता रहा, जिसके बाद मामले की जानकारी बजरंगी गौ सेवा समिति के बबलू बजरंगी को दी गई। जिसके बाद मौके पर बबलू बजरंगी, अजय माली, सुभाष नाई पहुंचे लेकिन चील का बच्चा सफेदे के पेढ़ पर चढ़ने के बाद पहुंच में नहीं होने के कारण मौके पर बबलू बजरंगी ने क्रेन बुलवाई। उसके बाद क्रेन के डोले में सुभाष को बैठाकर उपर की ओर ले जाया गया। करीब 15 मिनट की मशक्कत के बाद चील के बच्चे को निकाला गया तो वहां से उड़कर स्टेडियम के बाहर नीम के पेड़ में फिर से फंस गया, जिसको अजय सुभाष व अन्य लोगों ने उतारकर उसके पैर में फंसे सारे धागे व कपड़े निकाले। इस कार्य में अनिल टेलर, नूर मोहम्मद खान आदि लोगों ने मददगार का काम किया। मौके पर बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ जमा हो गई। दूसरी ओर बबलू बजरंगी ने बताया कि कई घंटे उल्टा लटके रहने के कारण चील के बच्चे की एक टांग काफी क्षतिग्रस्त हो गई है।

## अजीत सिंह को पुण्यतिथि पर दी श्रद्धांजलि



**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** राष्ट्रीय लोक दल के कार्यकर्ताओं व समर्थकों ने चौधरी अजीत सिंह की 5 वीं पुण्यतिथि संकल्प पूर्वक मनाते हुए उन्हें श्रद्धांजली अर्पित की। जयपुर बीकाने रोड़ पर आयोजित कार्यक्रम में अजीत सिंह अमर रहे के नारे लगाए गए। इस अवसर पर राष्ट्रीय लोकदल के जिला अध्यक्ष भंवरलाल गहलोत, अल्प संख्यक प्रकोष्ठ राजस्थान प्रदेश अध्यक्ष इलियास खां, श्रीराम भामा, हाकम् अली अगवान, मो अली तगाला, सुरजाराम दुसाद, शिवपाल चैधरी, समीर खान खोखर, तोलसिंह, सुरेश दर्जी, कैलाश बागवान, शेर मोहमद, राहुल, जितेंद्र कुमार प्रजापत आदि मौजूद रहे।

# प्रत्येक गांव की चौपाल पर जाकर लोगों को देंगे योजनाओं की जानकारी : गहलोत

बाबूलाल शर्मा



**झुंझुनू ( नवयत्न )।** राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी आमजन तक पंहुचाने के उद्देश्य से राज्य के प्रत्येक जिले के विधानसभा की प्रत्येक ग्राम पंचायत स्तर पर संचालित ग्रामीण रथ जहां योजनाओं का प्रचार प्रसार कर रहा है इसके साथ ही वहां मौजूद अधिकारी ग्रामीणों की समस्याओं के समाधान का कार्य भी कर रहें है। यह बात बुधवार को सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग तथा जिले के प्रभारी मंत्री अविनाश गहलोत ने मंडावा विधानसभा क्षेत्र के नांद ग्राम पंचायत में आयोजित ग्रामीण रथ अभियान के दौरान आयोजित समारोह में की। जिले के प्रभारी मंत्री गहलोत ने कहा कि जिले में इन जागरूकता रथ के माध्यम से ग्राम से जुड़े 13 विभागों की विभिन्न योजनाओं का प्रचार प्रसार किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि 2 साल में राज्य सरकार ने जो बेहतरीन कार्य किये है उनको जनता तक पंहुचाने तथा लोगों के सुझाव एवं समस्याओं को जानने के लिए अनूठी पहल है। उन्होंने कहा कि जनता में खुशी का माहौल है कि सरकार के निर्देशानुसार प्रशासन गांव तक पंहुचकर उन्हें राहत पंहुचाने का कार्य किया जा रहा है। गौरतलब है कि जिले में रथ के माध्यम से अब तक 216 ग्राम पंचायतों के 40 हजार से अधिक लोगों से संवाद किया गया है। मंत्री गहलोत ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के नेतृत्व में विकास की जो यात्रा देश और प्रदेश में चल रही है उसे निरंतर आगे बढ़ाने का कार्य किया जाएगा। निर्वतमान जिला प्रमुख हर्षिनी कुलहरी ने कहा कि सरकार की ओर से जो प्रचार रथ प्रत्येक ग्राम में जा रहा है उसमें एक सुझाव पेटिका रखी गई है जिसमें आमजन अपने सुझाव दे सकते है, जो सीधे सरकार तक पंहुचेंगे। वहीं पूर्व सांसद नरेंद्र कुमार ने मंडावा विधानसभा क्षेत्र में हुए विकास कार्यों की विस्तार से जानकारी दी। जिला कलक्टर डॉ अरूण गर्ग ने कहा कि जिले की प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में एक-एक एलईडी वाहन आंवटित किया गया है। एक एलईडी वाहन एक दिन में 3-5 गांवों में जाकर लोगों को जागरूक करने का कार्य करेगा। समारोह के दौरान प्रधानमंत्री आवास योजना, ट्राई साईकिल वितरण, पट्टा वितरण, बीमा क्लेम, अन्नप्राशन जैसी योजनाओं के लाभार्थियों को दस्तावेज सौंपे गए।

इस दौरान ग्रामीण रथ पर सरकार की योजनाओं की वीडियो क्लिप का भी प्रसारण किया गया तथा स्थानीय कलाकारों द्वारा प्रस्तुति दी गई। इस दौरान जिला परिषद के सीईओ कैलाश यादव, एसीईओ रामनिवास, सीडीईओ अशोक शर्मा, सीएमएचओ डॉ छोटेलाल गुर्जर, पीएचईडी एसई राजपाल सिंह, एवीवीएनएल एसी महेश टीबड़ा, मंडावा पंचायत समिति विकास अधिकारी अमित चौधरी, चिड़ावा प्रधान रोहिताश्व, विश्म्भर पूनियां सहित बड़ी संख्या में गणमान्यजन, जिला एवं ब्लॉक स्तरीय अधिकारी एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

## कांग्रेस जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में जिला कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

निसं



**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** शहर की विभिन्न समस्याओं को लेकर क्षेत्रीय विधायक और कांग्रेस चूरू जिलाध्यक्ष मनोज मेघवाल, रतनगढ़ विधायक पूसाराम गोदारा के नेतृत्व में कांग्रेस पदाधिकारियों के प्रतिनिधि मंडल ने बुधवार को जिला कलेक्टर अभिषेक सुराना से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। विधायकों ने जिला कलेक्टर को बताया कि सुजानगढ़ तहसील में हो रहे खातेदारी के सेटलमेंट में गलतियां हुई हैं। इनको सही करवाकर आपत्तियों का निस्तारण करवाया जाए ताकि किसानों को राहत मिल सके। साथ ही नगर परिषद की चरमराई हुई सफाई व्यवस्था के बारे में भी अवगत करवाया। सफाई टेंडर जल्दी खोलने व नालों की दुबारा सफाई करवाने की भी मांग रखी गई। शहर के दुलिया बास में बिछाई गई पाइपलाइन के मोटर के टेंडर दुबारा से करवाकर निकासी व्यवस्था सुचारू करने की भी मांग रखी गई। शहर की नगर परिषद के बाहर शहर की समस्याओं को लेकर चल रहे धरने के बारे में भी अवगत करवाया। विधायकों ने पानी की किल्लत को लेकर चिंता जताई। उन्होंने कहा कि कई वार्डों में पानी नहीं पहुंच रहा है। यहां टैंकरों की व्यवस्था करवाई जाए। साथ ही गर्मी के मौसम को देखते हुए गायों के लिए खेळों व गौशालाओं में पानी की व्यवस्था करवाने की भी बात कही। इस दौरान ओबीसी प्रदेश सचिव बजरंग सेन, ब्लॉक अध्यक्ष प्रदीप तोदी व विद्याधर बेनीवाल आदि कांग्रेस नेता मौजूद रहे।

## घर पर संदिग्ध अवस्था में मृत पड़ा मिला युवक

**तारानगर ( नवयत्न )।** तारानगर तहसील के गांव अलायला में एक युवक अपने घर पर संदिग्ध अवस्था में मृत पड़ा मिला है। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक जयलाल पुत्र पूर्णाराम कुम्हार निवासी अलायला तह तारानगर ने रिपोर्ट दर्ज करवाई कि मंगलवार को रात्रि समय 08:08 बजे पर मेरे पास मेरे पुत्र धर्मपाल का फोन आया तो मैं फोन उठा नहीं पाया पाया और हम हमेशा की तरह अपने घर सो गए और मेरा पुत्र व मैं अलग-अलग रहते हैं। मेरा पुत्र धर्मपाल हमारे पुराने घर में अकेला था। बुधवार सुबह करीब साढ़े सात बजे गालम अली पुत्र रजाक खान निवासी तारानग यहां मजदूरी का कार्य करता था, उसने आकर मुझे बताया कि तुम्हारा पुत्र धर्मपाल तुम्हारे मकान में संदिग्ध हालात में मृत अवस्था में पड़ा है, आप जाकर उसे सम्भालो।

## शिविर में 115 लोग हुए लाभान्वित



निलेश मुद्गल

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन एवं महावीर इंटरनेशनल यूथ केंद्र झुंझुनू के संयुक्त तत्वाधान में नूंआ श्याम मंदिर में आयोजित अपेक्स स्काईलाइन हॉस्पिटल द्वारा चिकित्सा शिविर में हड्डी जोड़ रोग से पीड़ित 44 रोगियों को परामर्श दिया गया। दमा श्वास के 26 रोगी लाभान्वित हुए। मधुमेह व उच्च रक्तचाप के 45 रोगियों की जांच की गई कुल 115 रोगीयों ने शिविर का लाभ उठाया। अग्रवाल समाज के जिला अध्यक्ष व शिविर संयोजक श्याम सुंदर जालान ने बताया कि डॉक्टर्स के परामर्श अनुसार रोगीयों को दवाइयां निःशुल्क वितरण की गई। शिविर में उपस्थित समस्त रोगियों के लिए चाय, बिस्कुट व अल्पाहार की व्यवस्था की गई। कार्यक्रम में श्याम सुंदर जालान, नागरमल जांगिड़, महेश कुमार मुंड, रफीक अहमद, कर्मवीर सिंह, विजय कुमार, बंटी, शंकर लाल सोनी, सफीक अहमद खान, गुलजार खान फौजी, आरिफ अली, संदीप शर्मा, मातादीन कुमावत, केसर देव कुमावत, विजय कुमार अग्रवाल, विनोद कुमार गोयल, पवन कुमार खेतान, नरेंद्र सिंह शेखावत, रोहिताश, सुरेंद्र कुमार एवं काफी संख्या में गणमान्य जन डॉक्टर्स टीम उपस्थित रहे।

## सुभाष वेदी ने दी भाजपा प्रदेश अध्यक्ष को बधाई

निसं



**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** स्थानीय गांधी आश्रम के अध्यक्ष सुभाष वेदी ने जयपुर में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष मदन सिंह राठौड़ से मुलाकात कर बंगाल में भाजपा को मिली अभूतपूर्व विजय की बधाई दी है। इस मौके पर सुभाष वेदी ने कहा आपने जिन-जिन व्यक्तित्वों को बंगाल चुनाव में भेजा, वे भी अच्छा कार्य करके बंगाल के चुनाव में जीत के भागीदार बने। राजस्थान के कर्तव्यनिष्ठ भाजपा नेताओं ने बंगाल में जाकर अच्छा काम किया और जीत में महती भूमिका निभाई व हिन्दुस्तान के पटल पर राजस्थान का नाम रोशन किया।

## विभिन्न मांगों को लेकर धरनास्थल पर नारेबाजी

निसं




**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** राज्य सरकार द्वारा जारी निविदा 2026-2027 में ट्रैक्टर ट्रॉली ड्राइवर मय श्रमिक औजार सहित एवं सफाई श्रमिक टेंडर की वित्तीय बीड खोलकर नियमानुसार टेंडर जारी करने, अब तक के टेंडर में कथित भ्रष्टाचार की जांच करने, दोषी अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई करने, गाँधी चैक स्थित नेहरू पार्क में महापुरूषों की मूर्ति लगवाने, घर-घर कचरा संग्रहण के लिए लगाई गयी ऑटो टीपर की निविदा की उच्च स्तरीय जाँच करने की मांगों को लेकर नगरपरिषद कार्यालय के बाहर धरना लगातार तीसरे दिन बुधवार को भी जारी रहा। अजय ढ़ेनवाल के नेतृत्व में दिए जा रहे धरने पर तीसरे दिन मूलचंद रैगर, रामस्वरूप बारवासा, आनंद लाखन, गजानंद सियोता, अशोक कुमार टाक, गिरधारीलाल सियोता, बिलाल, मोहनलाल मेघवाल, तरूण सियोता, मुकेश गोयल, कॉमरेड जगदीश नाथ, देव किशन तेजी, इकबाल खान, विनोद ढ़ेनवाल, शशिकान्त तेजस्वी, ओमप्रकाश माली, अजय सियोता आदि मौजूद रहे। धरनास्थल पर लोगों ने अपनी मांगों के समर्थन में नारेबाजी भी की। इसी प्रकार खटीक समाज के लोगों ने अतिरिक्त जिला कलक्टर व उपखंड अधिकारी कार्यालय में ज्ञापन सौंपकर सुजानगढ़ के नेहरू पार्क में बाबा साहेब डॉ भीमराव अम्बेडकर की मूर्ति स्थापित किए जाने की मांग की है।

ज्ञापन में विनोद, आरिफ, विकास, देवीलाल सहित अनेक लोगो के हस्ताक्षर हैं।

## आरजीएचएस सेवाएं बहाल करने की मांग को लेकर सौंपा ज्ञापन

निसं



**जयपुर ( नवयत्न )।** राज्य कर्मचारियों और पेंशनरों को राजस्थान गवर्नमेंट हेल्थ स्कीम के तहत मिल रही चिकित्सा सुविधाओं में आ रही बाधाओं को लेकर बुधवार को अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ (एकीकृत) ने प्रमुख शासन सचिव, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग से मुलाकात की। महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष गजेंद्र सिंह राठौड़ के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने शासन सचिवालय में प्रमुख शासन सचिव गायत्री राठौड़ से वार्ता की। इस दौरान आरजीएचएस के तहत कर्मचारियों, पेंशनरों और उनके आश्रितों को मिल रही सुविधाओं में आ रही समस्याओं पर विस्तार से चर्चा हुई। महासंघ ने कैशलेस इलाज, दवा वितरण और बिल भुगतान में देरी के कारण कर्मचारियों को हो रही परेशानियों से अवगत कराया। साथ ही मांग रखी कि चिकित्सा सेवाओं को जल्द पूर्व की तरह सुचारू किया जाए। प्रमुख शासन सचिव गायत्री राठौड़ ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि विभाग इस विषय को गंभीरता से ले रहा है और शीघ्र ही आरजीएचएस की सेवाएं सामान्य कर दी जाएंगी। उन्होंने बताया कि बकाया भुगतान और तकनीकी समस्याओं के समाधान के लिए विभाग स्तर पर कार्रवाई तेज कर दी गई है। महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष गजेंद्र सिंह राठौड़ ने चेतावनी दी कि यदि जल्द सकारात्मक परिणाम नहीं मिले तो महासंघ आंदोलन का रास्ता अपनाने को मजबूर होगा। बैठक में प्रतिनिधिमंडल के सदस्य सुरेश नारायण शर्मा, नरपत सिंह, प्रहलाद अग्रवाल, अजयवीर सिंह और शशि शर्मा भी उपस्थित रहे।

## सड़क हादसे में आठ घायल

निसं



**जयपुर ( नवयत्न )।** हरमाड़ा थाना इलाके में बुधवार को एक भीषण सड़क हादसा हो गया। सीकर रोड स्थित हरमाड़ा घाटी में तेज रफ्तार बस ने बोलेरो गाड़ी को पीछे से टक्कर मार दी। टक्कर के बाद बोलेरो अनियंत्रित होकर डिवाइडर कूदते हुए दूसरी लेन में चली गई और सामने से आ रही एंबुलेंस से जा भिड़ी। हादसे में एंबुलेंस में सवार मरीज समेत करीब 8 लोग घायल हो गए। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को अस्पताल में भर्ती करवाया। थानाधिकारी उदय सिंह यादव ने बताया कि हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और राहत कार्य शुरू किया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बोलेरो और एंबुलेंस दोनों वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। वाहनों में फंसे घायलों को कड़ी मशक्कत से बाहर निकालकर अस्पताल पहुंचाया गया। वहीं हादसे में घायल लोगों में से कुछ को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई, जबकि 3 से 4 गंभीर घायलों का उपचार अस्पताल में जारी है। इस हादसे के कारण सीकर रोड पर लंबा जाम लग गया। पुलिस ने क्षतिग्रस्त वाहनों को सड़क से हटवाकर यातायात को सुचारू करवाया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार तेज रफ्तार बस ने आगे चल रही बोलेरो को जोरदार टक्कर मारी, जिससे यह हादसा हुआ। घटना के बाद बस चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर फरार बस चालक की तलाश शुरू कर दी है।

## 27 सूत्रीय मांगों को लेकर बिजली कर्मियों ने किया विरोध प्रदर्शन

निसं




**जयपुर ( नवयत्न )।** प्रदेशभर में विद्युत कंपनियों के अधीक्षण अभियंताओं के माध्यम से बुधवार को राजस्थान विद्युत श्रमिक महासंघ बीएमएस ने ऊर्जा सचिव आरती डोगरा को 27 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपा। जयपुर में अधीक्षण अभियंता जेसीसी, जेपीडीसी एवं विद्युत प्रसारण जयपुर सिटी के माध्यम से प्रदर्शन रैली निकालकर मांगपत्र सौंपा गया। संघ के पदाधिकारी यतेंद्र कुमार ने बताया कि लंबे समय से लंबित प्रमुख मांगों के समाधान के लिए यह कदम उठाया गया है। उन्होंने कहा कि विद्युत क्षेत्र में फ्रेंचाइजी क्लस्टर एवं ईनविट मॉडल के नाम पर हो रहे निजीकरण को बंद किया जाए। इसके साथ ही वर्ष 2023 से लागू पुरानी पेंशन योजना के तहत कर्मचारियों से ईपीएस-95 में भेजी गई राशि की वसूली नहीं की जाए तथा जमा राशि वापस की जाए। महासंघ ने आईटीआई तकनीकी कर्मचारियों को 3, 12, 21 और 30 वर्ष पर फिक्स टर्म योजना का नगद लाभ नियुक्ति तिथि के अनुसार चयन ग्रेड की तर्ज पर देने, विद्युत विभाग में नई भर्तियां करने तथा 132 एवं 33 केवी ग्रिड सब स्टेशनों पर इंजीनियरिंग सुपरवाइजर के पद सृजित करने की मांग भी उठाई। इसके अलावा राज्य सरकार के कर्मचारियों की तरह आरजीएचएस योजना का पूर्ण लाभ लागू करने की भी मांग की गई। संघ ने चेतावनी दी कि मांगों के निस्तारण के लिए शीघ्र उच्च स्तरीय बैठक बुलाई जाए। यदि जल्द समाधान नहीं हुआ तो 20 मई 2026 को डिस्कॉम मुख्यालय और 10 जून 2026 को विद्युत भवन, जयपुर में विशाल रैली, धरना-प्रदर्शन व आंदोलन किया जाएगा। महासंघ ने कहा कि ऐसी स्थिति में उत्पन्न होने वाली औद्योगिक अशांति की पूरी जिम्मेदारी विद्युत प्रशासन की होगी।

## बाइक चोर चढ़ा पुलिस के हत्थे

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** दौलतपुरा थाना क्षेत्र में हुई बाइक चोरी की वारदात करने वाले एक शातिर आरोपी को गिरफ्तार कर चोरी की मोटरसाइकिल बरामद कर ली। फिलहाल आरोपित से पूछताछ की जा रही है। थाना प्रभारी सुनील गोदारा ने बताया कि 4 मई की रात करीब सवा 12 बजे परिवादी गजराम बंजारा ने अपनी मोटरसाइकिल भैरूजी खेजड़ा स्थित 15 नंबर बस स्टैंड के पास खड़ी की थी। सुबह करीब 8 बजे मौके पर पहुंचने पर बाइक गायब मिली। इस पर अज्ञात चोर के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। वारदात की गंभीरता को देखते हुए उच्च अधिकारियों के निर्देशन में विशेष टीम गठित की गई। टीम ने घटनास्थल और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली। तकनीकी विश्लेषण और मुखबिर तंत्र की मदद से संदिग्ध युवक की पहचान शक्ति सिंह निवासी झांपड़ा जिला दौसा हुई।

# पर्यटकों के लिए खास है मसूरी की यह बेहतरीन जगह

दिल्ली के सबसे पास के हिल स्टेशन में से एक है मसूरी, जिसे हर कोई पहाड़ियों की रानी के नाम से जानता है। ये जगह उत्तराखंड में है, जो बच्चों, कपल्स और बड़ों के लिए एक बेहतरीन डेस्टिनेशन है। यहां पर आपको घूमने के लिए बहुत सारी जगह तो नहीं हैं लेकिन जो भी हैं वह काफी खूबसूरत और मन को खुश कर देने वाला है।



### गन हिल पर करें केबल कार की सवारी

गन हिल समुद्र तल से 6,800 फीट की ऊंचाई पर है और मसूरी की दूसरी सबसे ऊंची चोटी है। खूबसूरत नजारों को एंजॉय करने के लिए आपको इस शहर में जरूर जाना चाहिए। माल रोड से गन हिल तक केबल की सवारी जरूर करें।

### माल रोड पर घूमना और फेमस मोमोज को चखना

पहाड़ी इलाकों पर आपको माल रोड मिलेंगे। मसूरी का माल रोड आपका दिल जीत लेगा। अगर आप इस बाजार का मजा लेना चाहते हैं तो शाम के समय यहां निकलें और चारों ओर घूमें। सड़क पर कई दुकानें और रेस्तरां हैं। मसूरी में सबसे अच्छे मोमोज का स्वाद भी जरूर चखें।

### केम्प्टी फॉल में नहाने का मजा

गर्मी के मौसम में पर्यटकों को केम्प्टी फॉल्स के तल पर नहाना बहुत पसंद आता है। इसमें सैकड़ों पर्यटकों के एक साथ जाने की व्यवस्था है। स्विमिंग पूल में चेंजिंग रूम, लॉकर और स्विमवीयर किराए पर लेने के विकल्प हैं। आप यहां जाएं तो अपने एक्सट्रा कपड़े साथ जरूर लेकर जाएं।

### क्लाउड्स एंड की सैर

क्लाउड्स एंड मसूरी के भौगोलिक अंत को दर्शाता है। ओक और देवदार के जंगल से घिरा हुआ क्लाउड्स एंड मसूरी के मुख्य शहर से लगभग 7 किलोमीटर की दूरी पर है और यह पहाड़ियों और आरामदेह वातावरण के खूबसूरत नजारों के लिए जाना जाता है।

# पर्यटक शिमला-मनाली नहीं, साउथ के इन हिल स्टेशन की जरूर करें सैर

हिल स्टेशन जाने की बात आती है तो अक्सर लोग नॉर्थ की जगहों पर जाना पसंद करते हैं। भारत के दक्षिणी भाग में कई हिल स्टेश शामिल हैं। जहां पर आप बेहतरीन समय बिता सकते हैं। हरी-भरी पहाड़ियां और खूबसूरत नजारे इन स्थलों को उन लोगों के लिए बेहद आकर्षक बनाते हैं जो नैचर से प्यार करते हैं और शहरी भीड़ से दूर एकांत में समय बिताना चाहते हैं।

**कोडइकनाल :** तमिलनाडु का कोडाइकनाल खूब फेमस हिल स्टेशनों में से एक है। यह दक्षिण भारत के सबसे ठंडे हिल स्टेशनों में से एक है और झरनों, हरी घाटियों, शांत झीलों और तेज ग्रेनाइट चट्टानों से भरा हुआ है। यह हनीमून मनाने वालों के लिए जानी-मानी जगहों में से एक है। कोडइझील, पिलर रॉक्स, कोकर्स वॉक, बेयर शोला फॉल्स, डेविल्स किचन, थलाईयार फॉल्स और डॉल्फिन नोज जैसे कुछ बेहतरीन जगह हैं।

**वगामों :** हरी-भरी पहाड़ियां, घाटियां और नाले कई लोगों को अपनी ओर आकर्षित करते हैं। यह भीड़ से बचने के लिए एक बेहतरीन जगह है। जब आप यहां हों, तो घाटियों और झरनों के खूबसूरत नजारों का मजा जरूर लें। यहां पर कुरीसुमाला आश्रम, इंडो-स्विस प्रोजेक्ट डेयरी फार्म, वागामन मीडोज, पाइन फॉरेस्ट, मूप्पनपारा और मुरुगन हिल जैसी जगहों को जरूर देखें।

**यरकौड :** यरकौड का छोटा लेकिन आकर्षक हिल स्टेशन पूर्वी घाट में शेवरॉय पहाड़ियों में बसा है। यह इन दिनों एक फेमस पर्यटन स्थल बन गया है, कॉफी और मसाले के बागानों, शांत यरकौड झील का लुत्फ जरूर उठाएं।

**मुन्नार :** केरल के इडुक्की जिले में स्थित यह दक्षिण भारत के सबसे ऊंचे हिल स्टेशनों में से एक है। मुन्नार में पैदल यात्रियों के लिए आकर्षण होने के अलावा, लक्कम झरने और एराविकुलम राष्ट्रीय उद्यान भी हैं।

# जयपुर को 'पिंक सिटी' जोधपुर को 'ब्लू सिटी', जैसे शहरों को इन नामों से बुलाने की कहानी है बड़ी दिलचस्प


हम जिस भी शहर में घूमने के लिए जाते हैं, उससे जुड़ा इतिहास और परंपरा हम सभी को देखने को मिल ही जाता है। कभी कोई शहर अपने इतिहास को लेकर फेमस होता है, तो कोई अपनी किसी और चीज की वजह से लोकप्रिय माना जाता है। वैसे आपने कभी सोचा है कि, जयपुर को पिंक सिटी क्यों कहते हैं? तो वहीं जोधपुर को ब्लू सिटी क्यों कहा जाता है?

### ब्लू सिटी, सन सिटी-जोधपुर



राजस्थान के जोधपुर के सबसे पुराने हिस्सों में हर घर को नीले रंग से रंगा गया है। जैसे-जैसे आप इस शहर की हर गली में बढ़ते जाएंगे, वैसे-वैसे आपको हर घर, दूकान नीले रंग में रंगी दिखाई देगी। यहां के लोगों का मानना है कि मानना है कि नीला रंग मच्छरों को दूर रखता है और शहर को ठंडा रखता है। इसे 'सन सिटी' के रूप में भी जाना जाता है क्योंकि पूरे साल सूरज हर मौसम में उसी ऊर्जा के साथ चमकता रहता है।

### झीलों का शहर-उदयपुर



राजस्थान में उदयपुर को पहले मेवाड़ के नाम से जाना जाता था। उदयपुर अपनी खूबसूरत झीलों की वजह से पर्यटकों के बीच आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। अगर फिल्मों में किसी डायरेक्टर को झीलें दिखानी हैं, तो वो उदयपुर को ही सबसे पहले चुनते हैं। पिछोला झील, फतेह सागर, बड़ी, ढेबर, सागर स्वरूप झील, दूध तलाई उदयपुर की लोकप्रिय झीलें है। यही वजह है कि इस शहर को 'झीलों का शहर' कहा जाता है।

### महलों का शहर, जॉय सिटी-कोलकाता

मस्ती और मजा क्या होता है, कोलकाता के लोग ये सब जानते हैं, चाहे फिर वो दुर्गा पूजा हो या क्रिसमस हो, ईद हो या नया साल हो, उन्हें हर चीज में मजा करना आता है। फ्रांसीसी लेखक डोमिनिक लैपिएरे ने कोलकाता को सिटी ऑफ जॉय निकनेम दिया था। विक्टोरिया मेमोरियल, फोर्ट विलियम, मार्बल पैलेस, जैसे महलों की वजह से भी इसे सिटी ऑफ पैलेस भी कहा जाता है।





### गुलाबी शहर-जयपुर

राजस्थान के इस खूबसूरत शहर में, ऐतिहासिक महत्व रखने वाली हर इमारत गुलाबी रंग में है। आपको बता दें, गुलाबी रंग उस समय की रानी को बेहद पसंद था। महारानी की पसंद को ध्यान में रखते हुए और उस समय 1876 में प्रिंस अल्बर्ट द्वितीय का स्वागत करने के लिए खासतौर पर शहर को पिंक किया गया था। उनके सम्मान में, महाराजा ने एक कोर्ट हॉल का निर्माण भी किया था। अल्बर्ट शहर को इतने प्रभावित हुए कि उनके मुंह से इसका नाम पिंक सिटी निकल गया, जिसका हिंदी में अर्थ है गुलाबी शहर। तब से ये इस जगह को पिंक सिटी के नाम से भी जाना जाता है।

### बॉस्टन ऑफ इंडिया-अहमदाबाद


साबरमती नदी के तट पर मौजूद, अहमदाबाद औद्योगीकरण का टॉप स्पॉट है। इस शहर को 'बॉस्टन ऑफ इंडिया' इसलिए कहा जाता है, क्योंकि यहां अडानी ग्रुप, निरमा डेटर्जेंटस और जयडस कैडिला जैसी कई बड़ी आईटी कंपनियां मौजूद हैं। जिन्होंने जीडीपी को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। साथ ही अहमदाबाद भारत की सबसे पहले यूनेस्को की वर्ल्ड हेरिटेज सिटी भी है।

# ग्वालियर में है दुनिया का एक ऐसा अकेला मंदिर

## जहां विश्व के सबसे पुराने लिखित 'जीरो' की हुई थी खोज

पर्यटन की दृष्टि से मध्य प्रदेश काफी समृद्ध राज्य है। यहां काफी संख्या में धार्मिक चीजों से जुड़े लोगों का आना जाना लगा रहता है। ओरछा, मध्य प्रदेश के टीकमगढ़ जिले में मौजूद है। यहां प्रसिद्ध चतुर्भुज मंदिर भी है, जहां भगवान विष्णु की पूजा की जाती है। ऐसा कहा जाता है कि इस मंदिर का निर्माण 876 ईसा पूर्व में हुआ था। मंदिर शिलालेख पर खुदे विश्व के सबसे प्राचीन ज्ञात शून्य के लिए सबसे ज्यादा जाना जाता है। आपको बता दें, मंदिर के अंदर, भगवान विष्णु की प्रतिमा और शिलालेख पर शून्य अंकित है। लेकिन इन शून्यों को केवल वहां का टूर गाइड ही आपको दिखा सकता है।

**ग्वालियर का चतुर्भुज मंदिर :** जैसा कि हमने आपको ऊपर बताया, मध्य प्रदेश के ग्वालियर में चतुर्भुज मंदिर भगवान विष्णु को समर्पित है। ये मंदिर ग्वालियर फोर्ट के पूर्वी दिशा में स्थित है। मंदिर के अंदर आपक भगवान विष्णु की भी खूबसूरत मूर्ती देख सकते हैं। अगर



हम इस मंदिर के इतिहास की बात करें, तो चतुर्भुज का निर्माण साल 876 ई.पू में में करवाया गया था। ऐसा माना जाता है कि इस मंदिर को वैल्लभट्ट के पुत्र और गुर्जर-प्रतिहार वंश के नागरभट्ट के पोते अल्ला ने बनवाया था। हालांकि, इसमें कितनी सच्चाई इस बारे में कहना मुश्किल है।

**दुनिया का सबसे प्राचीन लिखा जीरो :** ग्वालियर मंदिर न सिर्फ भगवान विष्णु को समर्पित मंदिर के लिए प्रसिद्ध है, बल्कि ये मंदिर यहां अंकित विश्व लोकप्रिय प्राचीन जीरो के लिए भी जाना जाता है। इसकी खासियत की वजह से इस रहस्य को जानने के लिए कई इतिहासकार व पर्यटक देखने लिए यहां अक्सर आते रहते हैं। इस मंदिर को लेकर माना जाता है कि जिस लिखित नंबर ज़ीरों के बारे में हम और आप जानते हैं, उसका सबसे प्राचीन लिखित रिकॉर्ड इस मंदिर में देखा जा सकता है। इस खासियत की वजह से ये मंदिर विशेषज्ञों के लिए रिसर्च का केंद्र बना चुका है।

**मंदिर में जीरो कहां दिखाई देता है :** अगर आप इस मंदिर में जाएंगे, तो यहां की दीवारों में मौजूद 9वीं शताब्दी के शिलालेख पर दो बार '0' लिखा हुआ दिखाई देगा। इस शिलालेख पर 270 ङ्ग 167, पूजा के लिए रोजाना 50 मालाएं दान देने जैसी कई बातें अंकित हैं।

**पुराने लिखे हुए जीरो से जुड़े कुछ और दावे :** फ्रांसीस आर्कोलॉजिस्ट Adhemard Leclere ने 1891 में कुछ ऐसी पांडलिपियों की रिसर्च की, जिसमें एक डॉट को जीरो की तरह उपयोग करते हुए दिखाया गया है। ये डॉट नॉर्थ ईस्ट कंबोडिया के क्रैटी क्षेत्र में मौजूद 'Trapang Prei' नाम की साइट पर एक पत्थर की सतह पर उकेरा गया था।

**बख्शाली पांडुलिपि :** प्राचीन लिखित शून्य की जानकरी बख्शाली पांडुलिपि में भी मिलते हैं। इसकी खोज 1881 में पेशावर के पास बख्शाली गांव के एक खेत में हुई थी।

ये पांडुलिपि 1902 से अब Bodleian Library of O&ford में है। हालांकि इस पांडुलिपि की सटीक जानकारी का पता कोई भी शोधकर्ता अभी तक नहीं लगा पाया है।

# घूमने के लिए बेहतरीन जगह है लोटस वैली

अपने गौरवशाली अतीत के साथ-साथ इंदौर में घूमने के लिए कई बेहतरीन स्थान मौजूद हैं। दुकान और सर्राफा बाजार की हलचल भरी सड़कों से, शहर पर्यटन स्थलों का एक समूह प्रदान करता है, जिसे इंदौर में देखने से नहीं चूकना चाहिए। शहर से कुछ ही दूरी पर, शानदार गुलावट लोटस वैली स्थित है। अपने शांत वातावरण और आश्चर्यजनक दृश्यों के कारण, इसे अक्सर छिपा हुआ रत्न माना जाता है। और चूंकि गुलावट लोटस वैली इंदौर के बहुत पास है, आप आसानी से एक दिन का समय निकाल सकते हैं और अद्भुत जगह की एक छोटी यात्रा का आनंद ले सकते हैं। चाहे आप अपने जीवनसाथी के साथ रोमांटिक आउटिंग की योजना बना रहे हों या पारिवारिक पिकनिक पर, यह एक ऐसी जगह है जहाँ आपको अवश्य जाना चाहिए।

**इन चीजों का लें आनंद :** गुलावट लोटस वैली यशवंत सागर डैम के पीछे वाली पानी से बनी एक प्राकृतिक झील है। अगर आप यहां है तो आपको झील के ऊपर स्थित विचित्र 100 मीटर के पुल की एक झलक अवश्य देखनी चाहिए। यहां से, आपको झील और खूबसूरत कमल का एक मनोरम दृश्य प्राप्त कर सकते हैं, जो इसे इंदौर में दर्शनीय स्थलों की यात्रा के लिए सबसे अच्छी जगहों में से एक बनाता है। पहली किरणों को झील के ऊपर तैरते फूलों को देखना बेहतरीन होता है। आप यहां पर नौका विहार और घुड़सवारी जैसी कुछ गतिविधियों में भी शामिल हो सकते हैं। इसके अलावा, घाटी के पास स्थित हनुमान मंदिर के दर्शन भी कर सकते हैं। जगह की सुंदरता को बढ़ाते हुए, गुलावट घाटी के पास नीलगिरी और बांस के जंगल भी हैं जो आपको प्रकृति की गोद में कुछ समय बिताने का अवसर प्रदान करते हैं। आप जंगल में छोटे तालाब भी देख सकते हैं जहां यशवंत सागर बांध से पानी आता है। आप पास के गुलावट गांव में भी टहल सकते हैं और यहां के स्थानीय लोगों की जीवनशैली के बारे में जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

# भानगढ़ क्यों है भारत की सबसे डरावनी जगह

भानगढ़ किले को एशिया की सबसे डरावनी जगहों में से एक माना जाता है। कई लोग इसे खतरनाक बताते हैं जबकि कई लोग कहते हैं कि यह भूतिया है, लेकिन तथ्य यह है कि रहस्यों से घिरा किला राजस्थान में घूमने के लिए सबसे अच्छी जगहों में से एक है। भानगढ़ किला भारत के सबसे प्रेतवाधित स्थान में से एक है। ऐसे में जानते हैं कि क्या भानगढ़ का किला सच में भूतिया है और इससे जुड़ी कुछ रहस्मय बातें।

## डरावना एहसास

जब आप यहां होते हैं, तो आप इसकी राजसी वास्तुकला पर आश्चर्यचकित हो सकते हैं,हालांकि कुछ लोगों का कहना है कि उन्हें यहां पर अजीब सा एहसास होता है जैसे कि कोई उनका पीछा कर रहा हो। यही कारण है कि इसकी लोकप्रियता के बावजूद, लोग लंबे समय तक किले में घूमने से बचते हैं।

## साधू ने दिया था श्राप

रिपोर्ट्स की मानें तो भानगढ़ किले को गुरु बालू नाथ नामक एक साधु ने शाप दिया था। दरअसल, जिस जगह पर किला बनाया गया है, वह एक बार ऋषि के ध्यान स्थल था, और जब राजा ने उनसे अनुरोध किया कि वह यहां एक किला बनाना चाहते हैं, तो ऋषि एक शर्त पर सहमत हुए कि किले की छाया उन्हें नहीं छूनी चाहिए। राजा ने उसे विश्वास दिलाया कि उसके स्थान पर किले की छाया उसे नहीं छुएगी, हालांकि ऐसा नहीं हुआ और साधु के श्राप ने पूरा गांव नष्ट कर दिया।

## तीन दोस्तों ने की थी रात में रुकने की हिम्मत

भानगढ़ से जुड़ी कई भयानक कहानियां लोगों के पास हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि एक बार तीन डेयरडेविल्स ने सूर्यास्त के बाद भानगढ़ किला परिसर में रहने का फैसला किया क्योंकि वह वास्तव में प्रेतवाधित है भी या नहीं। हालांकि, एक मशाल से लैस होने के बावजूद, उनमें से एक कुएं में गिर गया, हालांकि उसके दोस्तों ने उसे बचा लिया, और फिर उसे अस्पताल ले जाने के लिए वह दौड़ पड़े। लेकिन इस दौरान तीनों की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई।

## सूर्यास्त के बाद जाना है मना

रात में भानगढ़ किले के अंदर रहना पूरी तरह से प्रतिबंधित है। भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) ने भानगढ़ के कई स्थानों पर लोगों को सूर्यास्त के बाद और सूरज उगने से पहले परिसर में रहने के खिलाफ चेतावनी देने के लिए बोर्ड भी लगाए हैं। स्थानीय लोगों के अनुसार, जो कोई भी रात में किले के अंदर जाने में कामयाब रहा, वे अपनी कहानी बताने के लिए कभी नहीं लौटे, क्योंकि ऐसा माना जाता है कि रात में आत्माएं वहां घूमती हैं।

## क्या भानगढ़ का किला भूतिया है?

इसको लेकर अक्सर चर्चा होती रहती है, हालांकि इस पुराने किले की भूतिया सुंदरता से कोई इंकार नहीं कर सकता। लंबे समय से चले आ रहे एक युग का स्थायी प्रमाण, सत्य और कल्पना के रहस्यों में डूबा, भानगढ़ किला देखने लायक जगह है। अपने राजस्थान यात्रा पैकेज में एक निर्देशित टूर जोड़ें, ताकि आप एक गाइड के साथ किले का घूम सकें और किले के इतिहास और इसके आसपास की स्थानीय जानकारी के बारे में ज्यादा जान सकें।

## भानगढ़ के किले का सफर

भानगढ़ का किला राजस्थान में स्थित है। इस किले में आपको राजसी वास्तुकला का नमूना देखने को मिलेगा। लोग यहां कि ऐतिहासिकता देखने के लिए आते हैं। लेकिन भानगढ़ की राजसी ठाट से ज्यादा लोगों का ध्यान वहां के अजीब एहसास पर होता है। ऐसा लगता है कि मानो कोई उनका पीछा कर रहा हो। एक खास बात यह भी है कि अपने अंदर डरावने एहसास को छुपाए रखे इस किले में लोग लंबे समय तक ठहर नहीं पाते। शाम होने से पहले लोगों को भानगढ़ के किले से बाहर निकल जाना होता है। शाम के बाद यहां रुकने की मनाही होती है।



### भारत की सबसे डरावनी जगह भानगढ़ किले से जुडी रोचक बातें

- भानगढ़ किले का निर्माण 17वीं शताब्दी में मान सिंह के छोटे भाई राजा माधो सिंह ने करवाया था। राजा माधो सिंह उस समय अकबर के सेना में जनरल के पद पर तैनात थे। निर्माण के पश्चात् यह किला करीब 300 वर्षों तक फला-फूला और आबाद रहा व् प्राचीन समय में इस किले व् भानगढ़ गांव में लगभग 10000 लोग रहा करते थे।
- भानगढ़ किले को बनाने में अवल दर्जे की कारीगरी का उपयोग किया गया था। इस किलो को बनाने में मजबूत पत्थरों से लेकर, सुन्दर शिल्पकलाएँ, पथरो पर हाथो की कारीगिरी इत्यादि की गयी थी।
- इसके अलावा इस किले में कई मंदिर भी बनाए गए थे।
- भानगढ़ किले को लेकर कहा जाता है इस किले में बेहद सुंदर राजकुमारी रत्नावती रहती थी। जिस पर एक तांत्रिक सिन्धु सेवड़ा का दिल आ गया था और वह राजकुमारी को हासिल करना चाहता था। जिसके लिए उसने तंत्र विद्या का सहारा लिया। परंतु राजकुमारी को इस बात का पहले ही पता चल गया था। इसी कारण तांत्रिक को अपने प्राणो से हाथ धोना पड़ा। परंतु तांत्रिक ने मरने से पहले इस किले को लोगो को श्राप दिया कि कि भानगढ़ किले में रहने वाले सभी व्यक्तियों की जल्दी ही मृत्यु हो जाएगी। उनकी आत्माएं सदैव इस किले में भटकती रहेंगी वो कभी दुबारा जन्म नहीं ले सकेंगी।
- तांत्रिक सिन्धु सेवड़ा की मृत्यु के कुछ समय पश्चात अजबगढ़ और भानगढ़ में घनघोर युद्ध हुआ तथा किले में रहने वाले सभी लोग मारे गए। इस युद्ध में राजकुमारी रत्नावती की मृत्यु हो गयी। उस किले में इतना कत्लेआम मचा कि इसकी चर्चे दूर दूर तक होने लगे। लोग कहते है कि आज भी इस किले में मरने वाले लोगों की आत्माएं घूमती है और चींखती है।
- क्या आप जानते है भानगड किले में आज भी सूरज ढलने के बाद रुकने कि मनाई है। यहां आप सूरज ढलने के बाद नहीं रुक सकते।

## शिवसेना की मांग : सेना को मिले खुला जवाब देने का अधिकार

निसं



**जयपुर ( नवयत्न )।** शिवसेना के राजस्थान राज्य प्रमुख पदम जैन ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर पंजाब में हालिया विस्फोटों को लेकर केंद्र और राज्य सरकार से कड़ा रुख अपनाने की मांग की है। उन्होंने कहा कि जालंधर स्थित बीएसएफ मुख्यालय चौक और अमृतसर में सेना छावनी के पास हुए बम विस्फोटों से दहशत का माहौल बना है, जिससे आतंकियों के हौसले बढ़े हैं। पदम जैन ने कहा कि इस स्थिति में भारतीय सेना और बीएसएफको स्वतंत्र रूप से प्रतिकार करने का अवसर दिया जाना चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि सुरक्षा जैसे गंभीर मुद्दों पर राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप से स्थिति और खराब हो सकती है तथा इससे सुरक्षा बलों का मनोबल प्रभावित होता है। उन्होंने कहा कि देश की सुरक्षा के मुद्दे को राजनीतिक महत्वाकांक्षाओं से दूर रखा जाना चाहिए। यदि समय रहते सख्त कदम नहीं उठाए गए तो आतंकियों के हौसले और बढ़ सकते हैं, जिसकी जिम्मेदारी सरकारों पर होगी। शिवसेना ने कहा कि यदि आवश्यकता पड़ी तो संगठन के कार्यकर्ता भी देश की सुरक्षा के लिए हर संभव सहयोग देने को तैयार हैं। शिवसेना ने केंद्र और पंजाब सरकार से अपील की है कि सुरक्षाबलों को आवश्यक स्वतंत्रता देते हुए आतंकवाद के खिलाफ कड़ा कदम उठाया जाए, ताकि देश की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

## ई-चालान निस्तारण के लिए लगेंगे विशेष शिविर

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** यातायात नियमों के उल्लंघन के चलते लंबित पड़े ई-चालानों के निस्तारण के लिए जयपुर पुलिस ने विशेष शिविर लगाने का निर्णय लिया है। पुलिस कमिश्नर सचिन मित्तल के निर्देश पर ये शिविर मोटर यान अधिनियम के तहत लंबित चालानों की प्रशमन राशि जमा कराने के लिए आयोजित किए जाएंगे। अतिरिक्त पुलिस कमिश्नर यातायात योगेश दाधीच ने बताया कि शहर के 24 थानों में चरणबद्ध तरीके से शिविर लगाए जाएंगे। इन शिविरों का समय सुबह 9 बजे से शाम 6 बजे तक रहेगा। यातायात पुलिस उपायुक्त योगेश गोयल ने बताया कि यह शिविर 8, 9 व 10 मई को अशोक नगर, कानोता, भांकरोटा, माणक चौक, 11, 12 व 13 मई को मालवीय नगर, बजाज नगर, बगरू, हरमाड़ा, 14, 15 व 16 मई को प्रताप नगर, गांधी नगर, झोटवाड़ा, सदर, 17, 18 व 19 मई को शिप्रापथ, जवाहर सर्किल, चौमू, जयसिंहपुरा खोर, 20, 21 व 22 मई को मुहाना, सांगानेर, विश्वकर्मा, विद्याधर नगर और 23, 24 व 25 मई को सांगानेर सदर, रामनगरिया, बनीपार्क, शास्त्री नगर में लगेंगे। योगेश गोयल ने बताया कि शिविरों में वाहन स्वामियों को उनके लंबित चालानों की जानकारी उपलब्ध कराई जाएगी। साथ ही डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड और यूपीआई के माध्यम से मौके पर ही भुगतान की सुविधा दी जाएगी। शिविरों के अतिरिक्त अजमेरी गेट स्थित यादगार भवन की चालान शाखा (कमरा नंबर 30 व 31) में भी चालान निस्तारण की सुविधा पहले की तरह जारी रहेगी। जयपुर पुलिस की इस पहल से आमजन को लंबित चालानों के निस्तारण में बड़ी राहत मिलने की उम्मीद है।

## राधा सरस बिहारी जू सरकार के लड़ाएंगे लाड़

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** सुभाष चौक पानो का दरीबा स्थित श्री शुक सम्प्रदाय आचार्य पीठ श्री सरस निकुंज के पीठाधीश्वर अलबेली माधुरी शरण महाराज के सान्निध्य में ठाकुर श्री राधा सरस विहारी जू सरकार का अष्टयाम सेवा महोत्सव 7 से 15 मई तक आयोजित किया जाएगा। आयोजन स्थल श्री सरस निकुंज में ठाकुर जी के सभी मुख्य उत्सव इन नौ दिन में मनाए जाएंगे। इस मौके पर विविध लीलात्मक एवं भक्तिमय कार्यक्रम होंगे। श्री सरस परिकर के प्रवक्ता प्रवीण बड़े भैया ने बताया कि महोत्सव की शुरुआत 7 मई को श्री शुक सखी जी के प्राकट्य एवं शयन कुंज से होगी। आठ मई को प्रातः मंगला, खिचड़ी भोग और फुलवारी दर्शन, 9 मई को कुंज स्नान, श्रृंगार, चंदन श्रृंगार, चौसर खेल एवं रथ यात्रा के आयोजन होंगे। 10 मई को प्रियाजी और लालजी के प्राकट्य, पालकी दर्शन, राजभोग, अन्नकूट एवं फूल कुंज शयन के क्रम होंगे। 11 मई को उत्थापन, जलकेली, नौका विहार, बसंत होली और डोल उत्सव आयोजित होंगे जबकि 12 मई को वन विहार, फूल बंगला, झूला उत्सव, संध्या आरती एवं दीपमालिका होगी। 13 मई अपरा एकादशी को रास महोत्सव, 14 मई को ब्यारु भोग, विवाह महोत्सव मनाया जाएगा। 15 मई को आचार्य जयंती महोत्सव, शयन कुंज के साथ कार्यक्रमों का समापन होगा। इसके बाद 16 मई को अमावस्या पर प्रातः विशेष उत्सव आयोजित किया जाएगा।

## एमएनआईटी से पचास युवा होंगे धारवाड़ रवाना

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** मालवीय राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान जयपुर द्वारा युवा संगम चरण-6 के तहत राजस्थान से चयनित 50 युवा प्रतिनिधियों का दल धारवाड़, कर्नाटक के लिए रवाना किया जाएगा। इसके लिए संस्थान में ओरिएंटेशन कार्यक्रम आयोजित कर प्रतिनिधिमंडल को फ्लैग ऑफ किया जाएगा। यह प्रतिनिधिमंडल 8 से 15 मई 2026 तक भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान धारवाड़ में एक सप्ताह की शैक्षिक और सांस्कृतिक आदान-प्रदान यात्रा में भाग लेगा। एमएनआईटी संस्थान के निदेशक प्रो. एनपी पाढ़ी ने बताया कि यह कार्यक्रम भारत सरकार की एक भारत-श्रेष्ठ भारत पहल के अंतर्गत आयोजित किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य विभिन्न राज्यों के युवाओं के बीच सांस्कृतिक, शैक्षिक और सामाजिक समझ को बढ़ावा देना है। प्रतिनिधिमंडल में राजस्थान के विभिन्न क्षेत्रों से चुने गए 50 युवा शामिल हैं, जिनमें स्नातक, स्नातकोत्तर विद्यार्थी, शोधार्थी और अन्य युवा शामिल हैं। चयन में लिंग, पृष्ठभूमि, जिला और विषय विविधता को विशेष महत्व दिया गया है। वहीं कर्नाटक में आठ दिवसीय यात्रा के दौरान प्रतिभागी युवा संगम के 5 पी -पर्यटन, परंपरा, प्रगति, प्रौद्योगिकी और पीपल-टू-पीपल कनेक्ट थीम से जुड़ी गतिविधियों में भाग लेंगे। कार्यक्रम में कैंपस ओरिएंटेशन, सांस्कृतिक आदान-प्रदान, औद्योगिक एवं संस्थागत भ्रमण, संवाद सत्र और स्थानीय पर्यटन शामिल होंगे। एमएनआईटी जयपुर आगामी चरण में 5 से 12 जून 2026 के बीच धारवाड़ से आने वाले 50 युवाओं की मेजबानी करेगा, जिसमें राजस्थान में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।क्रम के तहत प्रतिभागी अपने अनुभव माई युवा संगम स्टोरी- एक्सपीरियंसिंग नेशनल इंटीग्रेशन विषय पर साझा करेंगे। संस्थान के निदेशक प्रो. एनपी पाढ़ी ने शुभारंभ कार्यक्रम में कहा कि यह पहल देश की सांस्कृतिक एकता को मजबूत करने के साथ युवाओं को राष्ट्रीय दृष्टिकोण प्रदान करती है, जो विकसित भारत-2047 के लक्ष्य को साकार करने में सहायक होगी।

# मामूली बारिश से भरा पानी तीन दिनों से लोगों को कर रहा परेशान




निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** शहर में इन दिनों सफाई व्यवस्था चरमराई हुई नजर आ रही है। दो दिन पहले की शाम को चंद मिनटों के लिए हुई बारिश का पानी अब तक नया बास की अनेक गलियों में भरा हुआ नजर आ रहा है। जिसका सीधा सा कारण नालों की सफाई नहीं होना नजर आ रहा है। नालों में गंदगी भरी पड़ी है, जिसको लोगों के विरोध के बाद साफ करने का काम किया जा रहा है। कई जगहों पर पानी ठहर जाने से लोगों में आक्रोश है। इसी प्रकार का वाकया पुलिया चैक पर बुधवार की दोपहर को देखने को मिला, जिस एक जनाजे के निकलने से पहले जिला कलक्टर तक को फोन करने पड़ गए। कांग्रेस नेता इदरीश गौरी ने बताया कि तीन दिनों से आने जाने वाले लोगों को तकलीफ हो रही थी और स्थानीय प्रशासन को अवगत करवाने के बाद भी समाधान नहीं हुआ। आखिरकार मजबूरी में जिला कलक्टर को फोन करना पड़ा, तब जाकर मौके पर ट्रेक्टर कर्मचारी आदि पहुंचे। जब नाले का कचरा निकालकर उठाया जा रहा था, तब लोगों में आपसी जिद बहस भी हुई। प्रदेश वाल्मीकि, नथमल, इदरीश गौरी, नूर मोहम्मद आदि के बीच कहा सुनी भी हुई। दूसरी ओर धिंगानिया बास के लोगों ने कहा कि गैनाणी के पंप सेट समय पर नहीं चलते जिसके कारण ये गंदा पानी नया बास की गलियों में रूका हुआ है, जबकि नथमल ने बताया कि मोटरें हर वक्त चालू हैं केवल बिजली जाने के दौरान बंद रहती हैं। मौके पर जाकर देखने पर मोटरें चालू मिली। दूसरी ओर गेनाणी में ड्रेनेज का डेम बन रहा है, जिसके गेनाणी का स्पेस कम हो रहा है और पानी भरने की क्षमता भी कम हो रही है। वहीं नया बास की अनेक गलियों में पानी भरा है, जिसमें चांडक रोड पर समस्या काफी ज्यादा गंभीर नजर आती है। लोगों का कहना है कि यहां पर समस्या समाधान के लिए प्रशासन को विशेष व्यवस्थाएं करनी चाहिए। दूसरी ओर भराड़िया स्कूल के आस-पास नाले पूर्णतया कचरे से लबालब नजर आए।

## सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का समापन



निसं

**मुकुन्दगढ़ ( नवयत्न )।** कस्बे के वार्ड नं 1 शिवालय में चल रही सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा के अंतिम दिन कथा का समापन हुआ। श्रीमद्भागवत कथा में व्यास पीठ से कथा व्यास चित्रकूट के अवधेश शास्त्री ने कथा में सुदामा चरित्र, परिक्षित मोक्ष की कथा के बाद व्यास पूजन किया गया। कथा व्यास ने प्रसंग में सुनाया कि भगवान श्रीकृष्ण ने 16 हजार 108 विवाह किए भगवान स्वयं भी गृहस्थ आश्रम आये। पति-पत्नी को भी भगवान का भजन करना चाहिए। भगवान ने भीम के द्वारा जरासन्द का वध किया। भगवान के अनन्य भक्त सुदामा के उपर कृपा की। विधाता का लेख भगवान कृपा करें तो बदल सकता है जीव व ब्रह्भ का मिलन ही कृष्ण सुदामा मिलन है। कथा व्यास ने बताया कि कलयुग में राम का नाम ही आधार है नाम जप से बड़ा कोई तप नहीं। दत्रार्त्ये ने 24 गुरु बनाये थे मनुष्य के जीवन में भी गुरु होना आवश्यक है। श्रीमद् भागवद कथा के श्रवण से व कीर्तन से हमारे समस्त पाप व क्लेश दूर होते हैं। श्रीमद् भागवत कथा हमें जीने की कला सिखाती है व मृत्यु को सुधारती है, समस्त पापों का उन्मूलन करती है व जीवन में श्रीमद् भागवत कथा श्रवण करनी चाहिए। श्रीमद् भागवत कथा का फल नाम जप ही फल है। जिस नाम में हमारी श्रद्धा हो वही नाम अवश्य करें। यज्ञ हुआ जिसमें पूर्णआहुति दी गई। आरती कर भोग लगाकर प्रसाद वितरण किया गया। मोहल्लेवासियों की ओर से व्यास पीठ का सम्मान किया गया। इस अवसर पर दिलीप मीणा, दिनेश चेजारा, राजेश शर्मा, विजय शर्मा, नितिन शर्मा, मुरारी, विनोद, सांवर मल शर्मा, चिरंजी लाल, प्रमोद चेजारा, शंकर सहित बड़ी संख्या में गणमान्यजन मौजूद रहे।

# जनगणना-2027 के तहत शहरी क्षेत्र के प्रगणकों का प्रशिक्षण आयोजित

निसं



**नोखा ( नवयत्न )।** जनगणना-2027 के तहत शहरी क्षेत्र के प्रगणकों का पालिका सभागार में आयोजित प्रथम चरण के प्रशिक्षण में बुधवार को द्वितीय बैच के दूसरे दिन जिला समन्वयक नीरज कुमार एंव जुगल किशोर द्वारा प्रशिक्षण के दौरान पर्यवेक्षकों/प्रगणकों को जनगणना-2027 के प्रथम चरण मकान सूचीकरण से संबंधित विशेष जानकारी दी गई। साथ ही ज्यादा से ज्यादा स्व-गणना करने व आमजन से करवाने हेतु प्रेरित किया गया।

फील्ड ट्रेनर राकेश लीलड़ एंव हरीराम खिलेरी द्वारा जनगणना कार्य प्रथम चरण में ब्लॉक वाइज मकान का सूचीकरण किए जाने के बारे में ट्रेनिंग दी गई। चार्ज अधिकारी उपेन्द्र मीणा द्वारा सरकारी निर्देशों का पालन करने, प्रशिक्षण में उपस्थित रहने एंव मकान चिन्हीकरण कार्य को मोबाईल एप्प के माध्यम से आमजन में डाटा संग्रहण करने के बारे में जानकारी दी गई। जनगणना प्रभारी नरेन्द्र सिंह बीका ने पर्यवेक्षकों/प्रगणकों को अपना नियमित डाटा संग्रहण कर एप्प से ऑनलाईन करने की प्रेरणा दी व जनगणना पोर्टल से संबंधित कार्यो की प्रभावी मॉनिटरिंग की गई। नगरपालिका मण्डल जनगणना सेल में कार्यरत कर्मचारी विपिन कुमार मीणा, सुरेन्द्र यादव व कम्प्यूटर ऑपरेटर पंकज सारस्वत द्वारा भी अपना सहयोग दिया।

## डेढ़ महीने से खुला गहरा गड्ढा हादसों को दे रहा निमंत्रण

निसं

**लाडनूं ( नवयत्न )।** लाडनूं के जावा बास स्थित मीराजी चौक में एलएंडटी कम्पनी के जिम्मेदारों की गंभीर लापरवाही सामने आई है, जिसको लेकर स्थानीय लोगों में भारी आक्रोश है। करीब डेढ़ महीने पहले यहां एलएनटी के कार्मिकों द्वारा सीवरेज कार्य के नाम पर लगभग 10 फीट गहरा गड्ढा खोदा गया था लेकिन अब तक न तो काम किया गया और न ही गहरे गड्ढे को भरा गया। इस कारण पूरी गली का आवागमन बाधित हो गया है और आमजन को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। यह स्कूल जाने वाले बच्चों का मुख्य मार्ग है पास ही स्थित दो स्कूलों के



छोटे-छोटे बच्चे रोजाना इसी रास्ते से गुजरते हैं, जिससे कभी भी यहां बड़ा हादसा होने की आशंका बनी हुई है। स्थानीय वार्डवासियों ने इस गंभीर समस्या को लेकर एसडीएम मीनू वर्मा को ज्ञापन सौंपकर दोषी कार्मिकों के खिलाफसख्त कार्रवाई करने की मांग की है। समाजसेवी हबीब खान ने बताया कि डेढ़ महीने से मोहल्लेवासियों का सामान्य जीवन प्रभावित हो रहा है लेकिन संबंधित विभाग के अधिकारी इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रहे हैं। लोगों का कहना है कि यदि समय रहते गड्ढे को नहीं भरा गया और सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम नहीं किए गए तो कभी भी कोई बड़ा हादसा होने से इंकार नहीं किया जा सकता।

# पासपोर्ट सेवा केंद्र को मिली जहरीले बम से उड़ाने की धमकी

निसं

**चूरू ( नवयत्न )।** चूरू पोस्ट ऑफिस परिसर में उस वक्त हड़कंप मच गया जब आरपीओ कार्यालय की मेल आईडी पर एक धमकी भरा ईमेल आया। धमकी भरें ईमेल में पोस्ट ऑफिस और उसके परिसर में संचालित हो रहे पासपोर्ट कार्यालय को दस जहरीले बम से उड़ाने की धमकी दी गई। सूचना पर कोतवाली थाना के सब इंस्पेक्टर फरमान खान और हैंड होल्ड मेटल डिटेक्टर टीम मय पुलिस जाब्ते के साथ मौके पर पहुंचे और सर्च अभियान चलाया। बम से उड़ाने की धमकी भरें ई-मेल आने के बाद सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट मोड पर आयी और एहतियात बरतते हुए कार्यालय परिसर को खाली करवा गया। सुरक्षा के मद्देनजर रखते हुए बम निरोधक दस्ते को बुलाया गया और बिल्डिंग की गहनता से जांच की गई। जब जांच में कुछ नहीं मिला तो सभी कर्मचारियों ने राहत की सांस ली। बता दें राजस्थान में पोस्ट ऑफिस कार्यालयों में ही पासपोर्ट ऑफिस संचालित किए जा रहे हैं। और राजस्थान के सभी पासपोर्ट कार्यालयों को एक साथ बम से उड़ाने की धमकी मिली है।



## नगर निगम की कार्रवाई : अवैध एरियल केबल हटाई

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** नगर निगम आयुक्त ओम कसेरा के निर्देश पर शहर की स्वच्छता और सौंदर्यकरण को ध्यान में रखते हुए बुधवार सुबह झोटवाड़ा एवं वैशाली नगर जोन में अवैध एरियल केबल के खिलाफबड़ा अभियान चलाया गया। नगर निगम की राजस्व प्रथम की लाइसेंस शाखा, होर्डिंग शाखा, विद्युत शाखा, गैराज शाखा और सतर्कता शाखा की संयुक्त टीमों ने सुबह 5 बजे से कार्रवाई शुरू कर विभिन्न टेलीकॉम कंपनियों और डिजिटल केबल सेवा प्रदाताओं द्वारा विद्युत पोल्स पर लगाए गए अवैध केबल और क्रॉसिंग को हटाया। अभियान के तहत गांधी पथ रोड, लालरपुरा रोड, गिरधारीपुरा रोड, गजसिंहपुरा रोड सहित अन्य क्षेत्रों में विद्युत पोल्स पर लगी अवैध एरियल केबल को हटाया गया। आयुक्त ओम कसेरा ने बताया कि शहर के सौंदर्यकरण और स्वच्छ सर्वेक्षण 2025.26 को ध्यान में रखते हुए यह संयुक्त अभियान चलाया गया है। भविष्य में भी ऐसे स्थानों पर विजिलेंस टीम द्वारा नियमित गश्त करवाई जाएगी ताकि अवैध केबल दोबारा नहीं लगाई जा सके। उपायुक्त राजस्व प्रथम मनोज कुमार वर्मा ने बताया कि लाइसेंस शाखा द्वारा बिना अनुमति के एरियल केबल लगाने वाली कंपनियों के खिलाफआगे भी कार्रवाई जारी रहेगी और संबंधित सेवा प्रदाताओं पर विधिक कार्रवाई भी की जाएगी।



## एसडीएम का रीडर हटाने की मांग जारी



निसं

**सरदारशहर ( नवयत्न )।** एसडीएम रीडर संदीप भोजक को पद से हटाने की मांग को लेकर वकीलों का विरोध प्रदर्शन तेज हो गया है। बार अध्यक्ष राजेंद्र सिंह राजपुरोहित के नेतृत्व में वकीलों ने जोरदार प्रदर्शन कर सरदारहशहर एसडीएम के रीडर को हटाने की मांग की हैं। धरने पर बैठे वकीलों ने संदीप भोजक पर गंभीर आरोप लगाए हैं। अध्यक्ष राजेंद्र सिंह राजपुरोहित ने कहना कि भोजक द्वारा भ्रष्टाचार किया जा रहा है और वे वकीलों तथा आमजन के साथ अभद्र व्यवहार करते हैं। वकीलों के अनुसार इस मुद्दे पर लंबे समय से असंतोष था, जो अब आंदोलन का रूप ले चुका है। वकीलों ने प्रशासन को स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि संदीप भोजक को जल्द नहीं हटाया गया तो शुक्रवार को आंदोलन और उग्र किया जाएगा। वही मामले में फिलहाल रीडर संदीप भोजक को हटाने के लिए वकीलों का धरना जारी है। इस आंदोलन को अब विभिन्न सामाजिक संगठनों का भी समर्थन मिल रहा है। कई संगठनों ने वकीलों को अपना समर्थन देने का आश्वासन दिया है, जिससे आने वाले दिनों में आंदोलन के और व्यापक होने के संकेत मिल रहे हैं।


**कृषि अनुसंधान केन्द्र, फतेहपुर, सीकर**
श्री कर्ण नरेन्द्र कृषि विश्वविद्यालय, जोबनेर, जयपुर

No. :- F( )/Attcs/ARS/FTR/2026/476 Date :- 04/05/2026

**बोली आमंत्रण सूचना**

केन्द्र के पूर्वी फार्म-प्रथम व द्वितीय पर सीजन खरीफ 2026 हेतु विभिन्न फसलों के बीज उत्पादन के लिए हिस्सा आधारित खेती की जानी है, जिसके लिए खुली निविदा दिनांक 12/05/2026 प्रातः 11.30 बजे तक मोहरबन्द बोली आंमत्रित की जाती है। विस्तृत बोली आमंत्रण सूचना एवं बोली दस्तावेज https://sppp.rajasthan.gov.in और https://sknau.ac.in वेबसाईट पर देखे जा सकते हैं। उक्त कार्य की अनुमानित लागत रूपये 9.90 लाख है।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | अनुमानित क्षेत्रफल | कार्य की अवधि |
|---|---|---|---|
| 1. | केन्द्र के पूर्वी फार्म-प्रथम (ट्यूबवेल संख्या 2, 3 व 4) पर विभिन्न फसलों के बीज उत्पादन के लिए हिस्सा आधारित खेती | 30-40 हैक्टेयर | खरीफ 2026 |
| 2. | केन्द्र के पूर्वी फार्म- द्वितीय (ट्यूबवेल संख्या 5, 6 व 7) पर विभिन्न फसलों के बीज उत्पादन के लिए हिस्सा आधारित खेती | 30-40 हैक्टेयर | खरीफ 2026 |

NIB Code: SKN2627A0027
UBN: SKN2627SSOB00026
राज.संवाद/सी/26/2185 क्षेत्रीय निदेशक अनुसंधान

**कार्यालय नगर पालिका दांता जिला - सीकर (राज.)**
nagarpalikadanta@rajasthan gov.in Phone No. :- 01577294333

क्रमांकः- न.पा.दांता/2026-27/439 दिनांक :- 01.05.2026

**ई निविदा सूचना**

नगरपालिका दांता द्वारा निर्माण कार्यो हेतु ऑनलाईन निविदाऐ दिनांक 11.05.2026 तक आमंत्रित की जाती है। जिसका विस्तृत विवरण (http://sppp.raj.nic.in) व (http://eproc.rajasthan.gov.in) में तथा कार्यालय में देखा जा सकता है।

NIB Code& DLB2627A1207
UBN.No.- DLB2627WSOB03413
राज.संवाद/सी/26/2166 अधिशाषी अधिकारी नगरपालिका दांता

**आम सूचना**

Au small finance bank शाखा रतनगढ़ द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती वर्षा पत्नी पृथ्वीराज नाई निवासी राजलदेसर, रतनगढ़ चूरू अपनी आवासीय जायदाद तादादी 963 वर्ग फीट वाके वार्ड नंबर 04, राजलदेसर, तहसील रतनगढ़ चूरू को प्रार्थिनी Au small finance bank शाखा रतनगढ़ में रहन रख कर वित्तीय सहायता प्राप्त करना चाहता है। उक्त जायदाद प्रार्थी को जरिये गिफ्ट पत्र दिनांकित 24.04.2026 को पृथ्वीराज पुत्र मालाराम नाई से गिफ्ट में मिली थी उक्त जायदाद का पट्टा नंबर 955 जो कि नगर पालिका राजलदेसर द्वारा मालाराम पुत्र भीकाराम नाई के नाम से 04.12.1991 को जारी शुदा है। अतः सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि उक्त सम्पति संबंधित किसी बैंक, वित्तीय संस्थान या किसी व्यक्ति विशेष को कोई उज्र आपत्ति या उक्त संपत्ति के स्वामित्व संबंधित कोई वाद विवाद हो तो अगले 07 दिवस में Au small finance bank शाखा रतनगढ़ के ब्रांच मैनेजर अथवा ब्रांच अधिवक्ता भरत व्यास एडवोकेट को लिखित में सूचना दें बाद गुजरे मियाद दी गई आपत्ति अमान्य समझी जाएगी।

**भरत व्यास एडवोकेट**
मो. 78774 80007, 78774 70007

# तालछापर में वन्यजीवों की बहार

## काले हरिणों का कुनबा बढ़कर 5661 पार पहुंचा





निसं

**चूरू ( नवयत्न )।** एशिया में काले हरिणों की शरणस्थली के रूप में प्रसिद्ध तालछापर कृष्णमृग अभयारण्य में इस वर्ष वन्यजीवों की संख्या में उल्लेखनीय बढ़ोतरी दर्ज की गई है। बुद्ध पूर्णिमा पर हुई वार्षिक गणना के बाद वन विभाग ने आंकड़े जारी किए हैं, जिनमें काले हिरणों सहित अधिकांश वन्यजीवों की संख्या बढ़ना सामने आया है। वन विभाग के अनुसार वर्ष 2025 में जहां काले हिरणों की संख्या 5302 थी वहीं वर्ष 2026 में यह बढ़कर 5561 हो गई है। इस तरह एक साल में 259 काले हिरणों की वृद्धि दर्ज की गई है। वर्तमान में इनमें 2078 नर, 2799 मादा और 684 शावक शामिल हैं। खास बात यह रही कि सबसे ज्यादा बढ़ोतरी मादा हिरणों की संख्या में हुई है।

### अन्य वन्यजीवों में भी बढ़ोतरी

गणना के अनुसार चिंकारा की संख्या 153 से बढ़कर 161, नीलगाय 99 से 104 और जंगली सूअर 157 से बढ़कर 163 हो गए हैं। इसके अलावा जंगली बिल्ली, मरू बिल्ली, लोमड़ी, मरू लोमड़ी, सियार, मोर, शिकारी पक्षी, सांडा और खरगोश की संख्या में भी आंशिक वृद्धि दर्ज की गई है। हालांकि भेड़िये की संख्या 1 पर स्थिर रही, जबकि सियारों की संख्या 5 से बढ़कर 7 हो गई।

### वैज्ञानिक तरीके से हुई गणना

वन विभाग ने अभयारण्य में 9 स्थानों पर ट्रांजिट लाइन, वाटर हॉल और कैमरा ट्रैप पद्धति से 24 घंटे लगातार निगरानी कर गणना की। इस कार्य में विभाग की 9 टीमों को लगाया गया था।

### अधिकारियों ने बताया कारण

डीएफओ भवानी सिंह के अनुसार बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर 1 और 2 मई को जिले में वन्यजीव गणना की गई, जिसके लिए 48 वाटर पॉइंट बनाए गए थे। उन्होंने बताया कि बेहतर संरक्षण, पर्याप्त भोजन और अनुकूल वातावरण के कारण वन्यजीवों की संख्या में लगातार वृद्धि हो रही है। एसीएफ क्रांति सिंह ने भी इसे विभाग की सतर्कता और सुरक्षित भौगोलिक वातावरण का परिणाम बताया। वहीं रेंजर उमेश बागोतिया के नेतृत्व में पूरफलतापूर्वक संपन्न हुई।

### वर्ष 2025 बनाम 2026 का तुलनात्मक आंकड़ा

काले हरिण- पहले 5302 अब 5661, चिंकारा- पहले 153 अब 161, जंगली सूअर- पहले 157 अब 163, जंगली बिल्ली- पहले 33 अब 37, मरू बिल्ली- पहले 45 अब 46 सामान्य, लोमड़ी- पहले 50 अब 51, मरू लोमड़ी- पहले 69 अब 72,भेड़िया- पहले 1 अब 1, नीलगाय- पहले 99 अब 104, सियार- पहले 5 अब 7, मोर- पहले 237 अब 246, शिकारी पक्षी- पहले 295 अब 298, सांडा- पहले 16020 र अब 16803, खरगोश- पहले 109 अब 113।

**जिले में भी बढ़े वन्यजीव:** तालछापर के अलावा चूरू, राजगढ़, तारानगर और सरदारशहर क्षेत्रों में भी चिंकारा की संख्या में बढ़ोतरी दर्ज की गई है। जिले में मोरों की कुल संख्या बढ़कर 2175 हो गई है। कुल मिलाकर तालछापर कृष्णमृग अभयारण्य से आई यह खबर साफ संकेत देती है कि जब संरक्षण, निगरानी और प्राकृतिक संतुलन साथ चलते हैं तो नतीजे भी सकारात्मक ही आते हैं। काले हिरणों सहित अन्य वन्यजीवों की लगातार बढ़ती संख्या न केवल पर्यावरण के लिए राहत की खबर है बल्कि यह वन विभाग के प्रयासों की बड़ी सफलता भी है। आने वाले समय में अगर इसी तरह संरक्षण जारी रहा तो तालछापर देश ही नहीं बल्कि पूरी दुनिया के लिए वन्यजीव संरक्षण का एक आदर्श मॉडल बन सकता है।

## अवैध शराब पर कार्रवाई
# 5 दिन में 633 केस दर्ज कर किए 172 गिरफ्तार



निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** प्रदेश में अवैध मदिरा के निर्माण, भंडारण, परिवहन और विक्रय पर रोकथाम के लिए विशेष निरोधात्मक अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत नाकाबंदी, सघन गश्त और दबिश देकर प्रभावी कार्रवाई की जा रही है। आबकारी आयुक्त नमित मेहता ने बताया कि आबकारी विभाग की ओर से 1 से 5 मई 2026 के बीच प्रदेशभर में 633 अभियोग दर्ज किए गए और 172 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। इस दौरान करीब 8 लाख 52 हजार 638 रुपए की 3169 लीटर देशी शराब, 7 लाख 96 हजार 310 रुपए की 798 लीटर विदेशी शराब, 2 लाख 62 हजार 295 रुपए की 1199.45 लीटर बीयर तथा 3698.5 लीटर हथकड़ शराब जब्त की गई। साथ ही 1 लाख 40 हजार 402 लीटर वॉश नष्ट किया गया। कार्रवाई के दौरान 1 चारपहिया और 8 दुपहिया सहित 9 वाहन भी जब्त किए गए। इस अभियान के तहत अन्य राज्यों से शराब की तस्करी, अवैध परिवहन और बिक्री के खिलाफ जीरो टॉलरेंस नीति अपनाई जा रही है। वहीं प्रदेश के विभिन्न जिलों में भी आबकारी टीमों ने लगातार कार्रवाई की। उदयपुर में गॉडफादर बीयर के टीन और केन जब्त किए गए जबकि गोगुंदा और खेरवाड़ा में हजारों लीटर वॉश नष्ट किया गया। चित्तौड़गढ़ जिले में बड़ी मात्रा में देसी-विदेशी शराब और बीयर बरामद कर वॉश व भट्टियां नष्ट की गई। मेहता ने बताया कि बांसवाड़ा, प्रतापगढ़ और हनुमानगढ़ में भी अवैध शराब के खिलाफ कार्रवाई करते हुए हजारों लीटर वॉश नष्ट किया गया और कई अभियोग दर्ज किए गए। बीकानेर जोन, झालावाड़, जोधपुर, बाड़मेर, भरतपुर-डीग, दौसा और अजमेर में भी दबिश देकर अवैध मदिरा जब्त की गई तथा आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। प्रदेश के सभी जिलों में आबकारी विभाग के अधिकारी और निरोधक दल लगातार नाकाबंदी, गश्त और दबिश के जरिए कार्रवाई कर रहे हैं।

# पेयजल की समस्या को लेकर फूटा आक्रोश



निसं

**रतनगढ़ ( नवयत्न )।** इस भंयकर गर्मी के मौसम में पानी की किल्लत से कई वार्डों में आमजन परेशान हैं। जहां बापू नगर स्थित कूप का बूस्टर मंगलवार को खराब होने से मंगल व बुधवार को शहर के तीन वार्डों में पेयजल आपूर्ति प्रभावित रही। वहीं शहर के वार्ड 22 में पिछले कई दिनों से पानी नहीं आने से वार्ड के दर्जनों महिला व पुरुष जलदाय विभाग के जेईएन कार्यालय पहुंचे तथा अपना आक्रोश जताया। लोगों ने बताया कि वार्ड में पिछले तीन महीनों से पानी का संकट बना हुआ है। बार-बार विभाग को अवगत करवाने के बाद भी समस्या का समाधान नहीं हो पा रहा है, जिसके कारण आज लोगों का आक्रोश फुट पड़ा तथा कार्यालय घेराव कर आक्रोश जताया। वहीं शहर के जोशी कूप से सम्बन्धित कई घरों में पानी की समस्या से जूझ रहे हैं।

## एसी वायर चोरी का आरोपी पुलिस फरार

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** मोती डूंगरी थाने वायर चोरी का आरोपी पुलिस हिरासत में फरार हो गया। जिसके बाद पुलिस के हाथ-पांव फूल गए। लेकिन पुलिस ने कुछ ही देर बाद आरोपी को फिर से दबोच लिया। जिसके बाद पुलिस ने राहत की सास ली। पुलिस ने बताया कि 5 मई को सलमान हाड़ीपुरा, सुभाष चौक निवासी को एमडी रोड स्थित प्रिंसेस मॉल से एसी वायर चोरी करने के आरोप में गिरफ्तार किया था। पुलिस गिरफ्तार अभियुक्त को मंगलवार रात करीब साढ़े 10 बजे के आसपास मेडिकल चैकअप के लिए सवाई मानसिंह अस्पताल लेकर जा रहीं थी। तभी त्रिमूर्ति सर्किल पर ट्रैफिक रेड लाइट पर आरोपी पुलिस की गाड़ी से कूदकर जेएनएल मार्ग की तरफ भाग निकला। जिसके बाद पुलिस ने कई जगहों पर दबिश देकर आरोपी सलमान को फिर से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ पुलिस कस्टडी से भागने का मामला दर्ज किया है।

## अवैध पिस्टल के साथ एक बदमाश गिरफ्तार

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** जयपुर कमिश्नरेट की स्पेशल जिला स्पेशल टीम (क्राइम ब्रांच सीएसटी) और कानोता थाना पुलिस ने ऑपरेशन एक्शन अगेंस्ट गन के तहत संयुक्त कार्रवाई करते हुए एक युवक को अवैध हथियार के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से एक पिस्टल और वारदात में प्रयुक्त मोटरसाइकिल बरामद की है। फिलहाल आरोपित से पूछताछ की जा रही है। पुलिस उपायुक्त अपराध संजीव नैन ने बताया कि पुलिस कमिश्नर सचिन मित्तल के मार्गदर्शन और विशेष पुलिस कमिश्नर (ऑपरेशन्स) ओमप्रकाश के निर्देशन में यह कार्रवाई की गई। सीएसटी की टीम ने खुफिया जानकारी विकसित कर अवैध हथियार तस्करी से जुड़े नेटवर्क के अपराधियों को चिह्नित किया था। इसी क्रम में कानोता थाना पुलिस के साथ मिलकर जयन्ती नगर कचरा फैक्ट्री की दीवार के पास खड़े एक संदिग्ध व्यक्ति की जांच की गई। तलाशी के दौरान संदिग्ध साहिल उर्फ सोना उर्फ सोयब के पास अवैध पिस्टल बरामद हुई। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर उसके पास से मोटरसाइकिल भी जब्त कर ली है। गिरफ्तार आरोपी साहिल, विजय नगर विस्तार आगरा रोड, कानोता का निवासी है। पुलिस आरोपित से अवैध हथियार की खरीद-फरोख्त के बारे में पूछताछ की जा रही है।

# एसडीएम के रीडर पर कार्रवाई की मांग, सीएम के नाम सौंपा ज्ञापन

निसं



**बीदासर ( नवयत्न )।** सरदारशहर उपखण्ड अधिकारी के रीडर द्वारा किए जा रहे कथित भ्रष्टाचार और अभद्र व्यवहार के विरोध में अब बीदासर के अधिवक्ताओं ने भी मोर्चा खोल दिया है। बुधवार को अभिभाषक संघ बीदासर के सदस्यों ने एसडीएम कार्यालय पर जमकर नारेबाजी कर मुख्यमंत्री, राजस्व मंडल और चूरू जिला कलेक्टर के नाम के विभिन्न ज्ञापन उपखण्ड अधिकारी अमीलाल यादव को सौंपकर आरोपी रीडर के खिलाफ सख्त अनुशासनात्मक कार्रवाई की मांग की है। ?अभिभाषक संघ द्वारा सौंपे गए ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि सरदारशहर उपखण्ड अधिकारी के रीडर पर अधिवक्ताओं के साथ लगातार अभद्र भाषा का प्रयोग करने, दुर्व्यवहार करने और खुलेआम रिश्वत की मांग करने के गंभीर आरोप हैं। इतना ही नहीं अधिवक्ताओं ने आरोप लगाया है कि रीडर द्वारा उनकी जानकारी के बिना फाइलों में हेरफेर भी किया जा रहा है। ?ज्ञापन में बताया गया कि इस भ्रष्ट व्यवहार के विरोध में सरदारशहर के अधिवक्ता बीते 23 फरवरी 2026 से न्यायिक कार्यों का बहिष्कार कर रहे हैं और 27 फरवरी से अनिश्चितकालीन धरने पर बैठे हैं। ?अधिवक्ताओं का आरोप है कि ?जिला कलेक्टर चूरू और एसडीओ सरदारशहर को बार-बार अवगत कराने के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं हुई। ?उच्चाधिकारियों, मुख्यमंत्री, चेयरमैन राजस्व मंडल और मुख्य सचिव को मामले की गलत रिपोर्ट भेजकर आरोपी रीडर को बचाने का प्रयास किया जा रहा है। वहीं ज्ञापन देकर ?वकीलों ने चेतावनी दी कि यदि उक्त रीडर के विरुद्ध जल्द से जल्द कार्रवाई नहीं की गई तो बीदासर के अधिवक्ता भी सरदारशहर अभिभाषक संघ के समर्थन में उग्र आंदोलन करने को मजबूर होंगे। इस दौरान संघ के सचिव गोवर्धन सिंह, बार संघ के पूर्व अध्यक्ष रघुवीर भामूं, अरविंद चौधरी, गौतम सैनी, लालचंद जाट, अख्तर सोलंकी, प्रैम सैनी, ईरफान सोलंकी, वसीम कानूनीया, राधाकृष्ण धेड्डू, रिजवान बागोट, आरती डूंखवाल, करण भार्गव सहित कई अधिवक्तागण मौजूद थे।

# अधिशाषी अधिकारी ने बस स्टैंड का किया निरीक्षण



**लाडनूं ( नवयत्न )।** नगर पालिका के अधिशाषी अधिकारी हरेंद्र चौधरी ने शहर की प्रमुख समस्याओं के त्वरित निस्तारण के लिए बुधवार को विभिन्न स्थानों पर पहुंच कर मौका देखा और समाधान का आश्वासन दिलाया। उन्होंने बस स्टैंड पर जल भराव की समस्या और नगर पालिका के मार्ग पर सड़क निर्माण में पैदा की गई बाधा व अतिक्रमण के हालात देखे और मौके पर ही सभी समस्याओं के निस्तारण के लिए कर्मचारियों को उचित निर्देश भी दिए। इस दौरान पार्षद सुमित्रा आर्य ने बताया कि लाडनूं के सबसे महत्वपूर्ण स्थान बस स्टेंड से बरसात के पानी की शीघ्र निकासी सुनिश्चित करने के लिए उचित व्यवस्था की आवश्यकता बताई। इस सम्बन्ध में नगर पालिका के अधिशाषी अधिकारी हरेंद्र चौधरी ने बस स्टेंड पर बनवाए गए बोरवैल का निरीक्षण किया। बोरवैल में अधिक कीचड़ समा जाने के कारण उसकी जलग्रहण क्षमता कम हो जाने के बारे में बताया। इस पर अधिशाषी अधिकारी हरेंद्र चौधरी ने नगर पालिका के सभी जमादारों को मशीन लगा कर सफाई करवा कर पूरा कीचड़ हटाकर बोरवैल को साफ कर उसकी जलग्रहण क्षमता बढ़ाने के निर्देश दिए। वहीं क्षेत्र में फेल रहक्रमण को चिह्नित कर हटवाने के लिए भी कार्रवाई करने का भरोसा दिलाया है।

## नि:शुल्क मोतियाबिंद जांच एवं लेंस प्रत्यारोपण शिविर आयोजित



निसं

**श्रीमाधोपुर ( नवयत्न )** । जिला अंधता निवारण समिति जयपुर के आर्थिक सहयोग व रोटरी क्लब श्रीमाधोपुर सनराइज, रामप्रताप अंजना देवी कयाल हेल्प ट्रस्ट की देखरेख में शंकरा आई हॉस्पिटल, जयपुर द्वारा बुधवार को श्रीमाधोपुर के चौधरी नाथूराम भामु रोटरी भवन में 80 वां नि:शुल्क मोतियाबिंद जांच और लेंस प्रत्यारोपण शिविर का आयोजन किया गया। क्लब के गिरिराज कयाल से प्राप्त जानकारी के अनुसार सुबह 9 से दोपहर 12 बजे तक आयोजित हुए शिविर में 95 मरीजों के आंखों की जांच की गई तथा इनमें से चयनित 46 मरीजों का मोतियाबिंद ऑपरेशन और लेंस प्रत्यारोपण के लिए निजी बस से शंकरा आई हॉस्पिटल जयपुर रैफर किया गया जहां चयनित मरीजों का नि:शुल्क ऑपरेशन किया जाएगा साथ ही चयनित मरीजों के आने-जाने की व्यवस्था से लेकर खानपान व रहने की व्यवस्था नि:शुल्क की जाएगी तथा चश्मे भी नि:शुल्क दिये जायेगें।

इस मौके पर शंकरा आई होस्पिटल से डॉक्टर नील कांकरिया, अजीत सिंह तंवर, आप्टम सुहानी, दीपक, तनिषा, निशा, पूर्व सहप्रान्तपाल डॉ माधव सिंह, गिरिराज कयाल, पूर्व अध्यक्ष सुरेश कुमार चोटिया, दीनदयाल सतीजा, सागर मल शर्मा तथा गोकुल शर्मा अन्य सदस्यों ने उपस्थित रहकर अपनी सेवाएं दी। आज के शिविर में पिछले शिविर के आपरेशन हो चुके 40 मरीजों को नि:शुल्क नजर के चश्मे दिये गये। बताया गया है कि इससे पहले आयोजित 79 शिविरों में 7310 पंजीकरण, जिनमें से 2449 मरीजों की आंखों के सफल ऑपरेशन हो चुके है। इस तरह का नि:शुल्क नेत्र शिविर क्लब द्वारा प्रत्येक महीने के पहले बुधवार को आयोजित किया जाता है। आगामी 81 वां शिविर 3 जून 2026 को आयोजित किया जाएगा।

# यात्रियों से भरी रोडवेज बस के ब्रेक फैल
## बोलेरो को मारी टक्कर, दो बाइकों को कुचला

निसं

**चूरू ( नवयत्न )।** शहर के पंखा सर्किल पर बुधवार को बड़ा हादसा हुआ है जहां यात्रियों से भरी चूरू रोडवेज डिपो की बस के ब्रेक फेल होने से अनियंत्रित बस ने पहले पंखा सर्किल के पास फुटपाथ पर लगी बूट पॉलिश की दुकान को कुचफर एक बोलेरो को टक्कर मार दो बाइक को चपेट में लेते हुए दोनों बाइक को कुचलकर सर्किल से जा टकराई। हादसे के बाद मौके पर चीख, पुकार मच गई और कोई कुछ समझ ही नहीं पाया की आखिर अचानक हुआ क्या है हालांकि गनीमत यह रही की इस बड़े हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई। पुलिस और प्रत्यक्षदर्शी की माने तो हादसे में एक व्यक्ति घायल हुआ है और उसे भी कोतवाली पुलिस के मौके पर पहुंचने से पहले लोगों नें अस्पताल पहुंचा दिया।

### हादसे के बाद मची अफर-तफरी, लगा लम्बा जाम

हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और सूचना पर कोतवाली थाने के सब इंस्पेक्टर फरमान खान मौके पर पहुंचे और मौके पर जमा भीड़ की सहायता से पुलिस ने हादसा हुई बस को साइड करवाया और बस के नीचे आयी दोनों बाइक को निकलवाकर रास्ता खुलवाया। हादसे के बाद सर्किल के चारों रास्तों पर लम्बा जाम लग गया। सब इंस्पेक्टर फरमान खान नें बताया रतनगढ़-चूरू रूट की रोडवेज बस चूरू पहुंची ही थी की बस के सर्किल के पास पहुंचते ही प्रथम दृष्टया ब्रेक फेल हो गए और जिससे ये हादसा हुआ है। पुलिस ने बताया गनीमत ये रही की अनियंत्रित बस को अपनी और आते देख बाइक सवार युवकों ने कूदकर अपनी जान बचाई और चंद सैकेंड में बस दोनों बाइको को कुचलते हुए सर्किल से जा टकराई। हादसे का शिकार हुए बिहार निवासी फारूक ने बताया मैं पंखा सर्किल किसी काम से आया और तभी सामने से बस को तेजी से आते देख में बाइक से कूद गया पीड़ित ने समय रहते बाइक से कूदकर जान बचाई वरना, उसकी जान भी जा सकती थी।



# काली पट्टी बांध कर चिकित्सकों का दो घंटे कार्य बहिष्कार

**रींगस ( नवयत्न )।** सीकर के चिकित्सकों पर एसओजी की कार्रवाही के विरोध में दूसरे दिन रींगस के राजकीय उपजिला अस्पताल में चिकित्सकों ने कार्य वहिष्कार किया। डॉक्टरों ने आठ से 10 बजे तक कार्य का बहिष्कार किया। इसके चलते अस्पताल में आने वाले मरीज इलाज के लिए भटकते नजर आये। इससे दो घंटे तक चिकित्सा सुविधा ठप्प रही। डॉ इन्द्र राम रणवा ने बताया कि सीकर में एसओजी पुलिस ने चिकित्सकों के खिलाफ जबरन कार्रवाही की है। इसके चलते चिकित्सको में आक्रोश है। बेवजह चिकित्सकों को परेशान किया जा रहा है। इसके चलते चिकित्सकों ने काली पट्टी बांध कर दो घंटे तक कार्य बहिष्कार किया। डॉक्टरो के दो घंटे के कार्य बहिष्कार के चलते दो घटे तक मरीज इलाज के लिए परेशान नजर आये। अस्पताल में मरीज इधर उधर भटकते रहे। दो घंटे बाद चिकित्सकीय कार्य शुरू हो पाया। इस दौरान वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी सुखदेव सिंह महला, डॉ जितेन्द्र यादव, डॉ रमेश यादव, डॉ केके शर्मा, डॉ झाबर मल यादव, डॉ योगेन्द्र मालवीय, डॉ स्वाती नयन, डॉ सगीता गढ़वाल,




डॉ प्रकाश धायल सहित अनेक चिकित्सकों ने काली पट्टी बांध कर विरोध जताया।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक सपना शर्मा के लिए उदय प्रिंटर्स 43-ए, माली कॉलोनी, चांदपोल के बाहर जयपुर में मुद्रित व प्लॉट नं. 88, तहसील के पीछे दांतारामगढ़, सीकर ( राज. ) से प्रकाशित संपादक सपना शर्मा
मो. 9783931239 मुख्य कार्यालय-जी-4, मान नगर, नगर परिषद के सामने, झुंझुनू, 01592-297190